AHSC EXAM
2024-25

# ମାଧ୍ୟମିକ ପରୀକ୍ଷା ପ୍ରଦୀପ




ଅଶୋକ ଦାସ ଫାଉଣ୍ଡେସନ୍



# ମାଧ୍ୟମିକ ପରୀକ୍ଷା ପ୍ରଦୀପ

(୨୦୨୪-୨୫ ଶିକ୍ଷା ବର୍ଷରେ ମ୍ୟାଟ୍ରିକ୍ ପରୀକ୍ଷାର୍ଥୀଙ୍କ ପାଇଁ ଉଦ୍ଦିଷ୍ଟ)

**AHSC EXAM -2024-25**

ସମୀକ୍ଷକ
ପଣ୍ଡିତ ଭୂପତି ଭୂଷଣ ମିଶ୍ର

ପ୍ରକାଶକ
ଅଶୋକ ଦାସ ଫାଉଣ୍ଡେସନ, ଯାଜପୁର

ଅଟ୍ଟାଳିକାଟିଏ ........

ଗଢିତୋଳିବାପାଇଁ ଯେଉଁପରି ସୁଦୃଢ ମୂଳଭିତିଭୂମିର ଆବଶ୍ୟକତା ରହିଛି, ସେହିପରି ଭଲମଣିଷ ଆଉସୁନ୍ଦର ଭବିଷ୍ୟତଟିଏ ତିଆରିକରିବାପାଇଁ, ବିଦ୍ୟାର୍ଥୀ ମାନଙ୍କର ଶୈକ୍ଷିକ ଜୀବନ ଅଧିକ ପ୍ରଭାବଶାଳୀ ଓ ରୁଚି ସଂପନ୍ନ କରିବା ଅତ୍ୟନ୍ତ ଆବଶ୍ୟକ ।

ଅଶୋକ ଦାସ ଫାଉଣ୍ଡେସନ ଶୈକ୍ଷିକ ବିକାଶପାଇଁ ଏକ ଛୋଟିଆ ପ୍ରୟାସଟିଏ କରିଛି । ଅଶୋକ ଦାସ ଫାଉଣ୍ଡେସନ ଏକ ସ୍ୱେଚ୍ଛାସେବୀ ସଙ୍ଗଠନ, ଯାଜପୁରର ପ୍ରବାଦ ପୁରୁଷ ସ୍ୱର୍ଗତ ଅଶୋକ ଦାସଙ୍କ ପୁଣ୍ୟ ସ୍ମୃତିରେ ଜନସାଧାରଣଙ୍କ ସେବା ଓ ସହଯୋଗ ପାଇଁ ଏହି ସ୍ୱେଚ୍ଛାସେବୀ ସଙ୍ଗଠନ ସଦାସର୍ବଦା ଅଙ୍ଗୀକାରବଦ୍ଧ । ରକ୍ତଦାନ, ବୃକ୍ଷରୋପଣ, ସ୍ୱାସ୍ଥ୍ୟଶିବିର ସହିତ ଶୈକ୍ଷିକ ବିକାଶପାଇଁ ସଙ୍ଗଠନ ପ୍ରୟାସ ଜାରିରଖିଛି।

ଛାତ୍ରଛାତ୍ରୀମାନେ ଦେଶର ଭବିଷ୍ୟତ । ଫାଉଣ୍ଡେସନ ପକ୍ଷରୁ ବିଭିନ୍ନ ଶୈକ୍ଷିକ ବିକାଶ କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମ ହାତକୁ ନବାପାଇଁ ପ୍ରୟାସ ଜାରିରଖିଛି । ଏଥିପାଇଁ ସମ୍ମାନନୀୟ ପୂଜ୍ୟଶିକ୍ଷକ, ଅଭିଭାବକ ଓ ଶ୍ରଦ୍ଧେୟ ବିଦ୍ୟାର୍ଥୀ ମାନଙ୍କର ସହଯୋଗ କାମନା କରୁଛୁ ।

ଅଶୋକ ଦାସ ଫାଉଣ୍ଡେସନ ପକ୍ଷରୁ ଛାତ୍ର ଛାତ୍ରୀଙ୍କ ଇଚ୍ଛାକୁ ସାକାରରୂପ ଦେବାପାଇଁ ଚଳିତବର୍ଷ ୨୪ – ୨୫ ଶିକ୍ଷା ବର୍ଷରେ ମାଟ୍ରିକ ପରୀକ୍ଷା ପାଇଁ ପ୍ରସ୍ତୁତ **"ପରୀକ୍ଷା ପ୍ରଦୀପ"** ପୁସ୍ତକଟିକୁ ଉପହାର ଦବାକୁ ସଂକଳ୍ପ ଗ୍ରହଣ କରାଯାଇଛି ।

ସଂପାଦକ ମଣ୍ଡଳୀଙ୍କର ସହଯୋଗ ଓ ଆନ୍ତରିକ ସଦିଚ୍ଛା ପାଇଁ କୃତଜ୍ଞତା ଜ୍ଞାପନ କରିବା ସହିତ ଭବିଷ୍ୟତରେ ସେମାଙ୍କର ଶୁଭେଚ୍ଛା କାମନା କରୁଛୁ ।

ପ୍ରିୟ ଛାତ୍ରଛାତ୍ରୀମାନଙ୍କର ପରୀକ୍ଷାରେ ସଫଳତା ପାଇଁ ଶୁଭେଚ୍ଛା କାମନା କରି ମା' ବିରଜାଙ୍କ ପାଦପଦ୍ମରେ ପ୍ରାର୍ଥନା କରୁଛୁ ।

ଅଶୋକ ଦାସ ଫାଉଣ୍ଡେସନ , ଜହ୍ନବଗିଚା, ଯାଜପୁର

ମୋ – **8249185453**

# ମାଧ୍ୟମିକ ପରୀକ୍ଷା ପ୍ରଦୀପ

# HINDI
# (TLH)

**ASHOK DAS FOUNDATION, JAJPUR**

# CONTENTS

## पद्य


१. कबीरदास ०६
२. अनमोल वाणी ०७
३. तुलसीदास ०९
४. सुरदास १३
५. रहीम १८
६. मनुश्यता २२
७. एक तिनका २७


## गद्य


८. मधुर भाषण ३२
९. बोध ३८
१०. देशप्रेमी सन्यासी ५०


## ब्याकरण


११. संज्ञा-लिंग और वचन ५५
१२. कारक और परसर्ग ६४
१३. अनुवाद-हिंदी से मातृभाषा और ७५
१४. सर्वनाम – ७७
१५ विशेषण और अबयौ का अपठित अनुवादय ८३


## पद्यविभाग


1 चाँद का झिंगोला ८९
२. नीड़ का निर्माण ९३
३. काँटे कम-से कम मत बोओ ९९


## गद्यविभाग


४. गिल्लू १०६
५. जननी जन्मभूमि ११५


## ब्याकरण


६. क्रिया का काल-भेद-कर्म आधारित प्रश्न, प्रेरणार्थक क्रिया १२०
७. समानार्थी या पर्यायवाची शब्द १२४
८. विलोम शब्द १२७
८. प्रत्यय १३२
९. उपसर्ग १३४
१०. अनुवाद - मातृभाषा से हिन्दी १३८
११. अनुच्छेद १३९

**ब्याकरण (New)** १४२


### Model Questions


. Set - 1 १४८
. Set - 2 १५१
. Set - 3 १५५

**Model Question-New** १५९

# POETRY
# MCQ
# कबीर दास

**1.** कबीर दास जी का जन्म कब हुआ था ?

(i)1478 (ii)1398 (iii)1578 (iv)1678

**2.** कबीर दास जी के माता-पिता क्या काम करते थे ?

(i)कपड़ा बुनना (ii)चरवाह (iii)पुजक (iv)मंत्री

**3.** किसके बराबर तप नहीं है ?

(i)मिथ्या (ii)साँच

(iii)ज्ञान (iv)स्नेह

**4.** भगवान किसके साथ रहते हैं ?

(i)सत्य (ii)मिथ्या

(iii)कवि (iv)किसके साथ नहीं

**5.** झूठ बराबर क्या नहीं है ?

(i)साँच (ii)तपस्या

(iii)पाप (iv)झूठ

**6.** साँच के बराबर क्या नहीं है ?

(i)पाप (ii)तप

(iii)पुण्य (iv)खुशी

**7.** हिरदै का खड़ी-बोली रूप क्या है ?

(i)हृदय (ii)दिल (iii)दिमाग (iv)हौदय

**8.** जिसके हृदय में साँच है, उसके हृदय में कौन होते हैं ?

(i)राक्षास (ii)मानव (iii)दानव (iv)भगवान

**9.** जो तेरे रास्ते पर काँटा बोता है; उसके रास्ते में तुम्हें क्या करना चाहिए ?

(i)काँच बिछाना (ii) फूल बिछाना (iii)किचड़ बिछाना (iv)अंगार बिछाना

**10.** बुबै शब्द का समानार्थी शब्द क्या है ?

(i)लगाना (ii) बिछाना (iii)उखाड़ाना (iv)काटना

**11.** काँटा क्या बन जाता है ?

(i)फुल (ii) काँच (iii)त्रिशूल (iv)मिट्टी

**12.** धीरे-धीरे रे मना, धीरे-धीरे सब कुछ होय यह किसकी रचना है?

(i)तुलसीदास (ii) सूरदास (iii)कबीरदास (iv)रहीम

**13.** माली कितने घड़े पानी सींचता है?

(i)एक (ii) दस

(iii)सौ (iv)पचास

**14.** क्या आने पर पेड़ पर फल आते हैं?

(i)गर्मी (ii) सर्दी

(iii)ऋतु (iv)सूरज

**15.** "ऋतु‌‌‌॥ का समानार्थी शब्द क्या है?

(i)मौसम (ii) महीना (iii)समय (iv)साल

## उत्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. (ii) | 2. (i) | 3. (ii) | 4. (i) | 5. (iii) |
| 6. (ii) | 7. (i) | 8. (iv) | 9. (ii) | 10. (i) |
| 11. (iii) | 12. (iii) | 13. (iii) | 14. (iii) | 15. (i) |

# अनमोल वाणी

# कबीर

## ५ अंक विशिष्ट प्रश्नोत्तर ।

1. साँच एंव झूठ के बारे में कबीर ने क्या कहा है ?

ऊ:- कबीर दास जी साँच की तुलना सत्य से किए हैं । सत्य हमेशा महान होता है । जो व्यक्ति हमेशा सत्य बोलता है, सत्य के मार्गपर चलता है उसके हृदय में भगवान विराजमान करते हैं । उसी प्रकार झूठ के बारे में कहा है कि झूठ या मिथ्या के बराबर कोई बुरा काम नहीं है । पापी व्याक्ति का साथ भागवान कभी नहीं देते हैं । भगवान हमेशा सत्यवादी का आदर और झूठे का अनादार करते हैं ।

2. जो हमेशा सत्य बोलता है भगवान उसका साथ क्यों देते हैं ?

ऊ:- सत्यवादी का साथ भगवान हमेशा देते हैं क्योंकि सत्य महान होता है, जिसके हृदय में सत्य का निवास है अर्थात जो हमेशा सच बोलता है उसका हृदय निर्मल और पाप रहित होता है । निर्मल हृदय में ही भगवान विराजमान करते हैं।

3. बुराई करनेवालों के साथ हमें कैसा बर्ताव करना चाहिए और क्यों ?

ऊ:- कबीर दास जी का मानना है कि बुराई करनेवालों के साथ हमें हमेशा अच्छा करना चाहिए । क्योंकि हमारे अच्छाई का फल हमें अच्छा मिलेगा । कर्म के अनुसार फल भुगतान पड़ता है । अच्छाई से अच्छा फल मिलेगा । जो बुराई करेगा उसको बुरा फल मिलेगा । हमें अच्छा

फल पाने के लिए अच्छा काम करना पडेगा । इसलिए हमें बुराई करनेवालों के साथ अच्छा बर्तव करना होगा ।

4. धीरे-धीरे सबकुछ कैसे होता है –उदाहरण के साथ स्पष्ट कीजिए ।

ऊः- कबीर दास जी का कहना है प्रत्येक काम धीरे धीरे होता है । उसके लिए धैर्य की आवश्यक्ता है । इसको बताने के लिए कबीर एक सुंदर उदाहरण दिए हैं कि माली अगर पेड में सौ घड़ा पानी सींचेगा तो समय से पहले पेड में फल नहीं लगेगा फल प्राप्ति के लिए उसे ऋतु की प्रतिक्षा करनी पडेगी ।

## २.५ अंक विशिष्ट प्रश्नोत्तर ।

1. सत्य के बारे में कबीर ने क्या कहा है ।

ऊः- सत्य के बारे में कबीर जी का मानना है कि सत्य हमेशा महान होता है । संसार में सत्य के समान कोई तपस्या या ज्ञान नहीं । जो हमेशा सत्य बोलता है उसके हृदय में भगवान विराजमान करते हैं ।

2. झूठ के बारें में कबीर क्या बताए हैं ?

ऊः- झूठ या मिथ्या के बराबर कोई पाप या बुरा काम नहीं है । जो व्यक्ति झूठ या मिथ्या बोलता है उसका साथ भगवान नहीं देते हैं और समाज भी पापी का अनादर करता है।

3. सत्य को महान क्यों कहा गया है ?

ऊः- सत्य हमेशा महान होता है क्योंकि जो सत्यबादी होता है उसका हृदय निर्मल और , पाप रहित होता है। निर्मल हृदय में ही भगवान विराजमान करते हैं ।

4. बुराई करनेवालों की भलाई क्यों करनी चाहिए ?

ऊः- बुराई करनेवालों की हमेशा भलाई करनी चाहिए क्येंकि सभी को कर्म के अनुसार फल भूगतना पड़ता है । हमारी अच्छाई से हमें अच्छा फल मिलेगा और उसकी बुराई से उसे बुरा फल मिलेगा । अच्छा फल के लिय अच्छा काम करना पडेगा ।

5. "माली सीचे सौ घड़ा, ऋतु आए फल होयह्ल इसका मतलब क्या है ?

ऊः- इसका मतलब यह है कि माली पेड़ में सौ घड़ा पानी सींचने पर भी समय या ऋतु आने से पहले कभी भी पेड़ में फल नहीं आते हैं ।

6. जाके हिरदै साँच है, ताके हिरदै आप अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

ऊः- जिसकी हृदय में सत्य का निवास है अर्थात जो हमेशा सच बोलता है, उसका हृदय निर्मल होता है । और उस निर्मल हृदय में भगवान रहते हैं ।

7. धीरे-धीरे मना, धीरे-धीरे सब कुछ होय । मतलब क्या है ?

ऊः- प्रत्येक कार्य धीरे धीरे होता है उसके लिए धैर्य की आवश्यकता होती है । वक्त आने से ही वह काम हो जाता है ।

8. तोकु फूल को फूल है, वाको है तिरसूल कहकर कबीर क्या उपदेश देते हैं ?

ऊ:- तोकु फूल को फूल है कहकर कबीर यह उपदेश देते हैं कि तुम अच्छा काम करो अच्छा फल प्राप्त करोगे । जो बुरा कार्य करेगा उसका फल उसे बुरा ही मिलेगा ।

9. कबीर के अनुसार त्रिशूल मिलने का अर्थ क्या है ?

ऊ:- कबीर के अनुसार त्रिशूल मिलने का अर्थ है, जो दूसरे को नुक्सान यानि क्षति पहुँचाता है, उसको तीन गुना नुकसान या क्षति सहना पडता है ।

10. पौधे को माली का बहुत सींचने पर क्या नहीं हो पाता ?

ऊ:- पौधे को माली का बहुत सींचने पर भी उपयुक्त समय या ऋतु आने से पहले पेड़ में फल नहीं आ सकता।

## अनमोल वाणी - तुलसीदास

**1.** तुलसीदास का जन्म कब हुआ था ?

(i)1560 (ii)1532 (iii)1636 (iv)1652

**2.** रामभक्त कवि कौन थे ?

(i)कबीरदास (ii)सूरदास (iii)तुलसीदास (iv)रामदास

**3.** तुलसीदास के गुरु थे -

(i)प्रेमानंद (ii)रामानंद (iii)बल्लवाचार्थ (iv)दयानंद

**4.** उस समय सामाजिक और धार्मिक परिस्थितियाँ कैसी थी ?

(i)अस्तव्यस्त (ii)साधारण (iii)स्वस्थ (iv)नालायक

**5.** रामचरित मानस किसका अवदान है ?

(i)सूरदास (ii)रहीम (iii)तुलसीदास (iv)नटवरदास

**6.** तुलसीदास की अवदान है-

(i)विनयपत्रिका (ii)सूरसागर (iii)बीजक (iv)रत्नावली

**7.** रामचरित मानस पढकर क्या मिलता है ?

(i)आनंद (ii)शांति (iii)अशांति (iv)दु:ख

**8.** मधुर का अर्थ है ?

(i)मीठा (ii)कड़वा (iii)खटटा (iv)इनमें से कुछ नहीं

**9.** बाजी का अर्थ है-

(i)गज (ii)गाय (iii)घोड़ा (iv)गधा

**10.** गौरस का अर्थ क्या है ?

(i)शक्कर (ii)दुध

(iii)पानी (iv)जल

**11.** किस धन के सामने सब धन बेकार है ?

(i)रतन धन (ii)संतोष धन (iii)गजधन (iv)बाजीधन

**12.** कब रसना नहीं खोलनी चाहिए ?

(i)जबकोई नहीं (ii)गुस्से में(iii)खुशी में (iv)विषद में

**13.** कैसी वाणी बोलना चाहिए ?

(i)मधुर (ii)कड़वी (iii)खट्‌टी (iv)लालची

**14.** मधुर वचन का परिणाम कैसा होता है ?

(i)दुखकर (ii)कष्ठकर (iii)हितकर (iv)कंटकमय

**15.** संतोष धन के सामने सव धन कैसा है ?

(i)धूरि (ii)पत्थर

(iii)सोना (iv)पेड़

**16.** हमें क्या परिहार करना चाहिए ?

(i)मीठेवचन (ii)कठोर वचन (iii)सुख (iv)संतोष

**17.** किसे श्रेष्ठ धन कहा गया है ?

(i)गजधन (ii)बाजीधन (iii)रतनधन (iv)संतोषधन

**18.** मीठेवचन से क्या उपजता है ?

(i)सुख (ii)दुःख (iii)बिमारी (iv)अफवाहें

**19.** बरु का अर्थ है ?

(i)बल्कि (ii)अथवा (iii)तथापि (iv) किन्तु

**20.** वशीकरण मंत्र क्या है ?

(i)मधुरवचन (ii)कठोरवचन (iii)कड़वीवचन (iv) उलटीवचन

**21.** कड़वी बाते कहाँ घाव करती है ?

(i)शरीर पर (ii)दिमाग पर (iii)सिर पर (iv) दिल पर

**22.** रसना का अर्थ है -

(i)हाथ (ii)पाँव (iii)जीभ (iv) पैर

**23.** शुद्ध रूप क्या है ?

(i)परिनाम (ii)वशीकरण (iii)किषान (iv) वाजि

**24.** परिनाम का अर्थ क्या है ?

(i)परिणाम (ii)परिमाण (iii)प्रतिज्ञा (iv) कसम

**25.** हमें क्या छोडना चाहिए ?

(i)कड़वीवचन (ii)मधुरवचन (iii)शिकायत (iv) गाली

**26.** हमें क्या परिहार करना चाहिए ?

(i)आहार (ii)निद्रा (iii)कठोरवचन (iv) भोजन

**27.** विचार करके क्या कहना चाहिए ?

(i) वाक्य (ii)वचन (iii)कहानी (iv) कथा

**28.** रामचरति मानस किसने लिखा है ?

(i) सूरदास (ii)तुलसीदास (iii)रामदास (iv) भगवान दास

**29.** किससे सुख मिलता है ?

(i) मित्रता से (ii)व्यवहार से (iii)मोठे वचनसे (iv) सरलता से

**30.** वशीकरण मंत्र क्या है ?

(i) मधुरवाणी (ii)कटुवाणी (iii)चंचलवाणी(iv) कोकिलवाणी

**31.** ________मीठे वचन ते ।

(i) सूर (ii)तुलसी

(iii)रहीम (iv) कबीर

**32.** विनय पत्रिका ________द्वारा रचित है ।

(i) सूरदास (ii)गौरदास(iii)तुलसीदास (iv) नरहरिदास

**33.** रोष न ________खोलिए ।

(i) रसना (ii)कहना (iii)हँसना (iv) चिरना

**34.** तुलसीदास का श्रेष्ठ धर्मग्रन्थ है ?

(i) हनुमान चालिसा (ii)कवितावली (iii)मधुमंगल (iv) रामचरित मानस

**35.** कठोरवचन त्यागना क्या है ?

(i) वशीकरणमंत्र (ii)साधनमंत्र (iii)दैविकमंत्र (iv) तांत्रिकमंत्र

**36.** विचार करके क्या बोलना चाहिए ?

(i) कहानी (ii)कविता (iii)गल्प (iv) वचन

**37.** तुलसीदास का देहांत कब हुआथा ?

(i) 1488 (ii)1633 (iii)1360 (iv)1533

**38.** सारे धनों में श्रेष्ठधन है-

(i) घऱ-द्वार (ii)रुपए-पैसे (iii)जमीन-जायदाद (iv) संतोष धन

**39.** कवि ने संतोष की तुलना किससे की है ?

(i) सुख (ii)धन (iii)मधुरवाणी (iv) रत्न

**40.** तुलसीदास किस भाषा में लिखते थे ?

(i) मगधी (ii)अबधी और ब्रज (iii)मैथली (iv) खड़ीबोली

## उत्तर

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (ii) | 2.(iii) | 3. (ii) | 4. (i) | 5.(iii) | 6.(i) | 7.(ii) | 8.(i) | 9.(iii) | 10.(ii) |
| 11.(ii) | 12.(ii) | 13.(i) | 14.(iii) | 15.(i) | 16.(ii) | 17.(iv) | 18.(i) | 19.(i) | 20.(i) |
| 21.(iv) | 22.(iii) | 23.(ii) | 24.(i) | 25.(i) | 26.(iii) | 27.(ii) | 28.(ii) | 29.(iii) | 30.(i) |
| 31.(ii) | 32.(iii) | 33.(i) | 34.(iv) | 35.(i) | 36.(iv) | 37.(ii) | 38.(iv) | 39.(i) | 40.(ii) |

# तुलसीदास

**1.** संतोष को सर्वश्रेष्ठ धन क्यों कहागया है ?

ऊ. तुलसी दास का कहना है कि संतोष सर्वश्रेष्ठ धन है क्योंकि अत्यधिक धन रहने से हमें शांति नहीं मिलती । धन के बल से हमे कुकर्म ही अच्छा लगता है । चोर का भय भी रहता है । यदि किसी व्यक्ति के पास अधिक संख्यक गाय, भैंस, हाथी-घोडे हैं, या रत्नों का भंडार है पर मन में संतोष न रहने से व्यक्ति सदा दु:खी रहता है । इसलिए संतोष धन के सामने सब धन तुच्छ अर्थात धूल के समान है ।

**2.** रोष या गुस्से के समय रसना क्यों नहीं खोलनी चाहिए ?

ऊ. रोष के समय रसना या जीभ नहीं खोलनी चाहिए । क्योंकि उस समय मुँह से हमेशा कटुवचन ही निकलते हैं । जिसके फल स्वरुप सभी हम पर नाराज होते हैं और किसी भी काम का फल भी अच्छा नहीं मिलता । कड़वी बाते तलवार से भी अधिक घाव बनाते हैं और मन में अधिक आघात करती हैं ।

**3.** मीठे वचन को वशीकरण मंत्र भी क्यों कहा जाता हैं ?

ऊ. साधक या तांत्रिक वशीकरण मंत्र से किसी को भी अपने वश में कर लेता है और अपनी इच्छानुसार उससे कार्य करवा लेता है । उसी प्रकार हम मीठी बातों से किसको प्रसन्न कर सकते हैं और उससे कोई भी काम पूरा कर सकते हैं । इसलिए मीठे वचन की तुलना वशीकरण मंत्र से की गई है ।

**4.** हमें सोच विचार कर क्यों बोलना चाहिए ?

ऊ. किसी बात को सोच विचार कर बोलना चाहिए क्योंकि बिना सोच बिचार कर बोलने से मुहँ से कटुवचन निकलने की संभावना रहती है जिससे दूसरों के दिल पर चोट लग सकती है । इसलिए क्रोध की स्थिति में बहुत सोच विचार कर बोलना चाहिए ।

**5.** रोष न रसना खोलिए, बरू खोलिओ तलवारि ।

ऊ. इस द्नेहे का अंश तुलसीदास जी के रचित अनमोल वाणी का है । इसमें रोष के मसय अपनी जीभ को नियंत्रण रखने का उपदेश दिया है क्योंकि वाणी ही हित और अहित का कारण होती है । क्रोध के समय मुँह को बिलकुल नहीं खोलना चाहिए । इस समय मनुष्य के मुँह से

कड़वी वातें निकल जाती है । यह कड़वी बाते तलवार से भी अधिक घाव बनाता है क्योंकि तलवार शरीर पर चोट करता है जबकि कड़वी बाते मन को चोट पहुँचाता है ।

**6.** तुलसी मीठे वचन ते, सुख उपजत चहुँओर ।

ऊ. प्रस्तुत दोहाखंड संत कवि तुलसीदास जी का रचित है । वह कहते हैं कि मीठे वचन सभी को प्रिय होते हैं क्योंकि उससे सबको आनंद मिलता है । चारो और सुख भी फैलाता है । सबको अपने वश में करने का अच्छा तरीका और कुछ भी नहीं है । मीठे वचन से बोलने वाले के चारो ओर खुशी का माहौल बन जाता है । अत: मीठी वाणी बोलना अनिवार्य है ।

**7.** जब आवे संतोष धन, सब धन धूरि समान ।

ऊ. यहाँ संथ कवि तुलसी दास कहते है कि समाज में कुछ लोग गोधन, गजधन, बाजिधन, और रतनधन को बड़ा धन मानते है । वास्तव में इस धन से शांति नहीं मिलता । हमारे पास जो कुछ भी है उससे संतोष हो जाना चाहिए । तब हमे सुख शांति मिल जाती है । अत: संतोष धन आने के बाद ओर सब धन तुच्छ या धूरि के समान हो जाता है ।

## सूरदास

1. यशोदा कैसी है ?

   (A)काली (B)गोरी (C)श्यामली (D)गोरा

2. कृष्ण खंभे में क्या देखते हैं ?

   (A)अपना प्रतिविंब (B)माता यशोदा (C)तस्वीर (D)ग्वाल बालक

3. यशोदा किसे चुगलखोर बताती है ?

   (A)बलराम को (B)कृष्ण को (C)ग्वालों को (D)गोपियों को

4. किसका रंग श्याम है ?

   (A)नंद का (B)कृष्ण का (C)यशोदा का (D)बलराम का

5. कृष्ण को विश्वास दिलाने के लिए माँ किसकी सौगंध खाती है ?

   (A)बैलों की (B)कृष्ण की (C)गोधन की (D)दाऊ की

6. कृष्ण किसे माखन खिलाते हैं ?

   (A)खंभे को (B)माता यशोदा को (C)ग्वालों को (D)अपने प्रतिविंबको

7. यशोमती क्या देखकर हर्षित हो जाती है ?

   (A)कृष्ण का नृत्यु (B)कृष्ण का गाना (C)कृष्ण का गुस्सा (D)कृष्ण की बाललीला

8. कृष्ण खेलते समय अपने बदन पर क्या लगाते हैं ?

   (A)दूध (B)दही (C)माखन (D)घी

9. खेलते समय कृष्ण किसे पुकारते हैं ?

(A)माँ यशोदा को (B)नंद बाबा को (C)गायों को (D)बछड़ो को

10. कौन दाऊ पर नहीं खोझती है ?

(A)माँ यशोदा (B)बाबा नंद (C)ग्वाल बालक (D)श्री कृष्ण

11. माँ यशोदा ने किसे मारना सीखा है ?

(A)कृष्ण को (B)बलराम को (C)गोपियों को (D)ग्वालों को

12. कृष्ण को कौन खिझाते हैं ?

(A)ग्वाल बालक (B)यशोदा

(C)दाऊ (बलराम) (D)नन्द बाबा

13. कृष्ण किससे शिकायत करते हैं ?

(A)बाबा नन्द से (B)माँ यशोदा से (C)बड़े भैया से(D)ग्वालों से

14. कृष्ण के अंनुसार यशोदा किस पर गुस्सा नहीं करती ?

(A)ग्वालों पर (B)गोपियों पर (C)दाऊ पर (D)नन्द पर

15. सब ग्वाल हंसते समय क्या करते हैं ?

(A)ताली बजाते हैं (B)चुटकी बजाते हैं (C)बाजा बजाते हैं (D)खेलते हैं

16. कृष्ण खेलने क्यों नहीं जाते ?

(A)रूठकर (B)डरके कारण (C)क्रोध के कारण (D)इनमें से कोई नही

17. तुम्हें माता यशोदा ने जन्म नहीं दिया । यह किसने कहा ?

(A)दाऊ ने (B)ग्वालों ने (C)कृष्ण ने (D)गोपियों ने

18. कौन रिस के मारे खेलने नहीं जाते ?

(A)कृष्ण (B)बलराम

(C)नंद (D)ग्वाल बालक

19. कृष्ण कहाँ गाते हैं ?

(A)घर में (B)छत में

(C)बाहर (D)आँगन में

20. बलवीर कौन हैं ?

(A)नंद (B)सुदामा (C)बलराम (D)यशोदा

21. “लौनीह्न का अर्थ है-

(A) दुध (B)मक्खन(C)नमक (D)दही

22. कृष्ण की बाललीला का वर्णन किन्होंने किया है ?

(A) सूरदास (B)कबीरदास (C)तुलसीदास (D)नन्ददास

23. बल्लभाचार्य किसके गुरू थे ?

(A) कबीरदास (B)तुलसीदास (C)सूरदास (D)नरहरिदास

24. काजरी-छौरी कौन हैं?

(A) कृष्ण के दोस्त (B)गाय

(C)बैल (D)घोड़ा

25. यशोमति क्या देखकर हर्षित हो जाती हैं?

(A) कृष्ण की बाललीला (B)कृष्ण को(C)बलरामको (D)नन्द को

## उत्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1.(B) | 2.(A) | 3.(A) | 4.(B) | 5.(C) |
| 6.(D) | 7.(D) | 8.(C) | 9.(B) | 10.(A) |
| 11.(A) | 12.(C) | 13.(B) | 14.(C) | 15.(B) |
| 16.(C) | 17.(A) | 18.(A) | 19.(D) | 20.(C) |
| 21.(B) | 22.(A) | 23.(C) | 24.(B) | 25.(A) |

# सूरदास

## विशेष अध्ययन के लिए प्रश्नोत्तर

**1.** बालकृष्ण आँगन में क्या कर रहे हैं ?

उत्तर -बालक कृष्ण घर के आँगन में अकेले खेल रहे अपने आप कुछ गा रहे हैं और नन्हें नन्हें चरणों से नाचते भी हैं । कभी हाथ उठाकर काली एवं सफेद गायों को बुलाते हैं, तो कभी नंदबाबा को पुकारते भी हैं । घर में जाकर थोड़ा मक्खन हाथ में लेकर अपने बदन में लगा लेते हैं तो कभी खंभे में अपने प्रतिबिम्ब को देखकर उसे मक्खन खिलाते भी हैं ।

**2.** कृष्ण यशोदा से क्या शिकायत करते हैं और क्यों ?

उत्तर –कृष्ण यशोदा से शिकायत करते हैं कि माँ !मुझे बलराम भैया चिढाते है । वे मुझे कहते हैं कि तुझे खरीद कर लाया गया है । तुझे जसुमति ने जन्म नहीं दिया है । इसीलिए मैं उनके साथ खेलने भी नहीं जाता हूँ ।

**3.** बलराम कृष्ण से क्या पूछते हैं?

उत्तर –बलराम कृष्ण से पूछते हैं कि तेरे माता और पिता कौन हैं ?नंद गोरे हैं, यशोदा गोरी हैं, तु क्यों साँवला है ।

**4.** यशोदा किसकी कसम खाती है और क्यों?

उत्तर.यशोदा गोधन की कसम खाती है क्योंकि कृष्ण को वह विश्वास दिलाना चाहती थी कि वह ही कृष्ण की माता है और कृष्ण उनका पुत्र है । वे कृष्ण से कहती हैं कि बलराम चुगलखोर है । वह जन्म से ही शरारती हैं ।

**5.** चुटकी देकर ग्वाल-बालक क्यों नाचते हैं?

उत्तर-जब बलराम कृष्ण को कहते हैं कि तुझे खरिदकर लाया गया है, तुझे जसुमती ने जन्म नहीं दिया है तव कृष्ण चिढ़ जाते हैं । उन्हें और चिढ़ाने के लिए बलराम ग्वाल बालकों को सीखा देते हैं और वे कृष्ण को चिढ़ाने के लिए चुटकी बजाकर नाचने लगते हैं ।

## सूरदास

### विशेष अध्ययन के लिए प्रश्नोत्तर ५ नंबर के लिए -

1. बालकृष्ण आंगन में क्या कर रहे हैं?

ऊ. बालक कृष्ण घर के आंगन में अकेले खेल रहे हैं । अपने आप कुछ गा रहे हैं और ननें ननें चरणों से नाचते भी हैं । कभी हाथ उठाकर काली एवं सफेद गायों को बुलाते हैं, तो कभी नंदबाबा को पुकारते भी हैं । घर में जाकर थोड़ा मक्खन हाथ मे लेकर अपने बदन में लगा लेते हैं तो कभी खंभे में अपने प्रतिबिम्ब को देखकर उसे मक्खन खिलाते भी हैं ।

2. कृष्ण यशोदा से क्या शिकायत करते हैं और क्यों ?

ऊ. कृष्ण यशोदा से शिकायत करते है कि माँ मुझे बलराम भैया चिढ़ाते हैं । वे मुझे कहते हैं कि तुझे खरीद कर लाया गया है । तुझे जसुमति ने जन्म नहीं दिया है । इसीलिए मैं उनके साथ खेलने भी नहीं जाता हूँ ।

3. बलराम कृष्ण से क्या पूछते हैं ?

ऊ. बलराम कृष्ण से पूछते हैं । कि तेरेमाता और पिता कौन हैं? नंद गोरे हैं, यशोदा गोरी हैं तू क्यों साँवला है ।

4. यशोदा किसकी कसम खाती है ओर क्यों ?

ऊ. यशोदा गोधन की कसम खाती है क्योंकि कृष्ण को वह विश्वास दिलाना चाहती थी कि वह उनका पुत्र है । वे कृष्ण से कहती है कि बलराम चुगलखोर है । वह जन्म से ही शरारती हैं ।

5. चुटकी देकर ग्वाल-बालक क्यों नाचते हैं?

ऊ. जब बलराम कृष्ण को कहते हैं कि तुझे खरिदकर लाया गया है, तुझे जसुमती ने जन्म नहीं दिया है तव कृष्ण चिढ़ जाते हैं । उन्हे और चिढ़ाने के लिए बलराम ग्वाल बालकों को सीखा देते हैं और वे कृष्ण को चिढ़ाने के लिए चुटकी बजाकर नाचने लगते हैं ।

## सूरदास

### २.५ नंबर वाले प्रश्नोत्तर

1. कृष्ण अपने घर के आँगन में क्या करते हैं?

उत्तर –कृष्ण अपने घर के आँगन कुछ कुछ गा रहे है । वे अपने छोटे-छोटे चरणें से नाच भी रहे है और मन ही मन मुग्ध हो रहे हैं ।

2. कृष्ण माता यशोदा से किसके बारे में शिकायत करते हैं ?

उत्तर –कृष्ण माता यशोदा से बलराम की शिकायत करते हैं । क्योंकि बलराम कृष्ण को चिढाते ते कि कृष्ण को यशोदा ने जन्म नहीं दिया है, उन्हे खरिदकर लाया गया है ।

3. कृष्ण खेलने क्यों नहीं जाते ?

उत्तर –बलराम कृष्ण को चिढाते हैं कि तुम्हें जसुमति ने जन्म नहीं दिया है । तुम्हें खरीदकर लाया गया है । इसी बात से क्रोधित होकर कृष्ण खेलने को नहीं जाते ।

4. बलराम कृष्ण से क्या कहते हैं ?

उत्तर –बलराम कृष्ण से कहते हैं कि तुम्हारे माता-पिता कौन है ?नन्द गोरे हैं, यसोदा गोरी हैं और तुम इतने काले क्यों हो ।

5. ग्वाल बालक किस तरह हँस रहे थे ?

उत्तर –ग्वाल बालक कृष्ण को चिढाने के लिए चुटकी बजाबजा कर हंस रहे थे ।

6. कृष्ण किस-किस को बुलाते हैं ?

उत्तर –कृष्ण कभी काजरी-धौरी नामक गायों को पुकारते है तो कभी बाबा नन्द को पुकारते हैं ।

7. कृष्ण खंभे में किसे देखते हैं और क्या करते हैं ?

उत्तर –कृष्ण खंभे में अपना प्रतिविम्ब देखते हैं । हाथ में कुछ माखन लेकर अपने प्रतिबिम्ब को जो खंभे मे दिख रहा है उसे खिलाते हैं ।

8. माता यशोदा क्या देखकर हार्षत हो जाती है ?

उत्तर –माता यशोदा कृष्ण की प्यारी प्यारी बातें, उनकी बाल क्रीडाओं को देखकर हर्षित हो जाती है ।

9. माँ यशोदा किसकी सौगंध खाती है ओर क्यों ?

उत्तर –कृष्ण के क्रोध को शांत करने के लिए, उन्हे दिलासा देने के लिए माँ यशोदा गोधन की कसम खाकर कहती है कि तु ही मेरा पुत्र है और मैं ही तुम्हारी माता हुँ ।

10. यशोदा ने किसे चुगलखोर कहा है और क्यों ?

उत्तर –माता यशोदा ने बलराम को चुगलखोर कहा है क्योंकि बलराम कृष्ण को चिढाने के लिए उन्हें कहते हे कि तेरे माता-पिता कौन हैं ? तुझे तो खरीदकर लाया गया है । इन सब बातों से कृष्ण क्रोधित हो जाते हैं ।

# रहीम

**1.** रहीम का जन्म कब हुआ था ?

(A)सन् १४५६ (B)सन् १६५६ (C)सन१५५६ (D)सन१५५५

**2.** रहीम अकबर के किस अभिभावक के पुत्र थे ?

(A)मुलाम खाँ (B)बैराम खाँ (C)फैजल खाँ (D)सोएब खाँ

**3.** रहीम का बचपन कहाँ बीता था ?

(A)शाही महल (B)जल महल (C)शीशा महल (D)हवा महल

**4.** रहीम को कहाँ की सुवेदारी मिली ?

(A)उत्तर प्रदेश (B)महाराष्ट्र (C)गुजरात (D)राजस्थान

**5.** हिन्दू संस्कृति और भक्ति-भावना से कौन प्रभावित थे ?

(A)तुलसीदास (B)कबीर (C)सूरदास (D)रहीम

**6.** रहीम के प्रामणिक काव्य –सग्रह का नाम क्या है ?

(A)बीजक (B)विनय पत्रिका (C)दीहावली (D)रहीम विलास

**7.** सज्जन किसके लिए संपत्ति का संचय करते हैं ?

(A)बच्चो के लिए (B)दूसरों के लिए (C)पिता-माता के लिए (D)अपने लिए

**8.** दधीची ने परोपकार के लिए क्या दिया ?

(A)हाड़ (B)मांस (C)प्राण (D)रक्त

**9.** राजा शिवि ने परोपकार के लिए क्या दिया ?

(A)रक्त (B)प्राण (C)मांस (D)हाड़

**10.** राजा शिवि ने किसको मांस दान किया ?

(A)कबूतर को (B)गिलहरी को (C)बाज को (D)कोयल को

**11.** परोपकार करते समय बीच में कौनसा भाव न आने देना चाहिए ?

(A)अपनों का (B)अपने-पराए का (C)पराए का (D)दोस्तों का

**12.** कौन अपना फल नहीं खाता है ?

(A)तरूवर (B)वृक्ष (C)पेड़ (D)विटप

**13.** सरवर क्या नहीं पीता है ?

(A)सरबत (B)चाप

(C)पानी (D)लस्सी

**14.** ऋषी दधीची की हड्डियों से कौन सा अस्त्र बना ?

(A)तलवार (B)गदा (C)तीर (D)बज्र

**15.** ऋषी दधीची की हड्डियों से बने अस्त्र से कौन मारा गया ?

(A)भस्मासुर (B)वृत्रासुर (C)बकासुर (D)मुरासुर

**16.** बड़े को पाकर लघु का क्या नहीं करना चहिए ?

(A)प्रशंसा (B)मदद (C)अवहेलना (D)बुराई

**17.** रहीम का पूरा नाम क्या है ?

(A)अब्दुर्रहीम खानखाना

(B)रहींम खानखाना

(C)अब्दुल (D)अब्दूत रहीम

**18.** दधीची ने अपने हड्डियाँ क्यों दान में दी ?

(A)शहीद बनने के लिए

(B)मित्र की रक्षा के लिए

(C)मृत्युवरण करने के लिए (D)देवताओं की मदद के लिए

**19.** दूसरों के लिए धन का संचय कौन करता है ?

(A)दुर्जन (B)सुजान (C)परिवार (D)राजा

**20.** जहाँ तलवार काम नहीं आता वहाँ कौन काम आता है ?

(A)कैंची (B)चाकू (C)धागा (D)सुई

**21.** किसका आदर करना चाहिए ?

(A)बडे लोगों का (B)किसी का भी नहीं

(C)छोटे लोगों का (D)दोनोंका

**22.** "तरूवर फल नहीं खात है‘- यहाँ तरूवर का अर्थ क्या है ?

(A)वृक्ष (B)केला (C)आम् (D)तरबूज

**23.** अरबी, फार्सी, संस्कृत, तुर्की और हिन्दी के अच्छे जानकार कौन थे ।

(A)रहीम (B)तुलसीदास (C)कबीर दास (D)सूरदास

**24.** कब जान-पहचान, दोस्ती, विरादरी नहीं देखनी चाहिए ?

(A)शादी-व्याह के समय (B)धनवृद्धि के समय

(C)परोपकार करते समय (D)संपर्क बढ़ाते समय

**25.** राजा शिवि ने किसे बचाने के लिए बाज को अपना मांस दान किया ?

(A)कौआ (B)कबूतर (C)तोता (D)मोर

## उत्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1.(C) | 2.(B) | 3.(A) | 4.(C) | 5.(D) |
| 6.(D) | 7.(B) | 8.(A) | 9.(C) | 10.(C) |
| 11.(B) | 12.(A) | 13.(C) | 14.(D) | 15.(B) |
| 16.(C) | 17.(A) | 18.(D) | 19.(B) | 20.(D) |

21.(D)   22.(A) 23.(A)  24.(C)  25.(B)

# रहीम

५ अंक विशिष्ट प्रश्नोत्तर

1. तरुवर और सरवर क्या करे है ?

उत्तर –रहीम के अनुसार तरुवर अर्थात् पेड अपना फल नहीं खाता है और सरवर अर्थात् तालाव अपना पानी खुद नहीं पीता है । ये दोनों क्रमश दूसरों के लिए फल और पानी की बचत करते हैं । कारण फल खाने से दूसरों की भूख मिटती है । उसे आनन्द मिलता है । पानी पीने से प्यास मिटती है, संतोष होता है । दूसरों की भुख मिटाने के लिए पेड़ फल धारण करता है और दुसरों की प्यास मिटाने के लिए तालाव पानी का संचय करता है ।

2. छोटों की अवहेलना क्यों नहीं करनी चाहिए ?

उत्तर –छोटों की अवहेलना नहीं करनी चाहिए क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति का अपना अपना महत्व है चाहे वह बडा हो या छोटा । समाज में बडे हो या छोटे, प्रत्येक की आवश्यकता पडती है । इसलिए रहीम उदाहरण के माध्यम से कहते है कि जहाँ छोटी सुई की जरूरत होती है, वहाँ तलवार की आवश्यकता नहीं पड़ती । इसलिए दोनों का आदर करना चाहिए ।

3. शिविराजा नें क्यों मांस दान दिया ?

उत्तर –राजा शिवि बड़े परोपकारी राजा थे । एक कबूतर बाज पक्षी से डरकर राजा की शरण में आया । उसके पिछे-पिछे बाज पक्षी भी वहाँ आ गया और अपने आहार के लिए कबूतर को माँगने लगा । कबूतर की जीवन रक्षा के लिए राजा ने बाज को कबूतर के बदले अन्य स्वादिष्ट भोजन देने को कहा । पर बाज राजी नहीँ हुआ, और इसके बदले में कबूतर के बराबर मांस माँगने लगा । अन्त में राजा ने परोपकार के लिए कबूतर को बचाने के लिए अपने शरीर से माँस काटकर भूखे बाज को दे दिया ।

4. ऋषि दधीचिने किसलिए अस्थि का दान दिया था ?

उत्तर –दधीचि एक परोपकारी ऋषि थे । वृत्रासुर नामक एक पराक्रमी राक्षस था जिससे देवतागण डरते थे । उससे रक्षा पाने के लिए देवगण भगवान बिष्णु के पास गये । भगवान बिष्णु ने कहा ऋषि दधीचि की अस्थिओंसे बने बज्र से वृत्रासुर मारा जाएगा । यह जानकर देवगण ऋषि के पास गये और सारी बातें सुनाई । देवताओं की बाते सुनकर उनकी भलाई करने के लिए ऋषि दधीचि ने अपने अस्थिओं का दान दे दिया ।

5. सुजान किसलिए संपति का संचय करता है ?

उत्तर –साधारणत: लोग अपने और अपने परिवार के सुख के लिए धन का संचय करते हैं। परन्तु सज्जन अपने संचित धन का उपयोग खुद नहीं करते हैं । वे जीवन भर धन का संचय करते

हैं क्यों कि वे इस धन का उपयोग दूसरों की भलाई के लिए, उनकी मदद करने के लिए कर सके ।

## २.५ अंक विशिष्ट प्रश्नोत्तर

1. तरुवर और सरवर क्या करे है ?

उत्तर –तरूवर अपना फल नहीं खाता है ओर सरवर अपना पानी नहीं पीता है । ये दोनों दूसरों की मदद करने के लिए अपने फल और पानी की बचत करते हैं ।

2. सज्जन अपना संपत्ति संचय क्यों करता है ?

उत्तर –सज्जन तथा ज्ञानी लोग दूसरों की भलाई के लिए परोपकार के लिए संपति संचय करते हैं । क्योंकि वे जानते हैं कि परोपकार एक महान कार्य है ।

3. रहीम के अनुसार लघु की उपेक्षा क्यों नहीं करनी चाहिए ?

उत्तर –रहीम के अनुसार लघु की उपेक्षा या अवहेलना नहीं करना चाहिए क्योंकि जहाँ छोटे काम आसकते हैं, वहाँ बड़ो की आवश्यक्ता नहीं होती । उदाहरण देकर कवि ने कहा है कि जहाँ सुई काम आता है वहाँ तलवार की आवश्यकता नहीं होती है ।

4. सुई की जगह अगर तलवार मिल जाए तो काम होगा या नहीं ?

उत्तर –सुईकी जगह अगर तलवार मिलजाए तो काम नहीं होगा । क्योंकि जो काम सुई कर सकती है, वह तलवार नहीं कर सकता ।

5. रहीम ने किसे देखकर लघु की उपेक्षा न करने की बात कही है ?

उत्तर –रहीम ने बड़ों को देखकर लघु की उपेक्षा न करने की बात कही है । क्योंकि जो काम छोटे कर सकते हैं, वे काम बडे नहीं कर सकते ।

6. परोपकार करते समय क्या जरूरी नहीं है ?

उत्तर –परोपकार करते समय कौन हमारा मित्र है, सगे संबंधो हे यह देखना जरुरी नहीं है । परोपकार किसी के साथ भी किया जा सकता है ।

7. मांस किसने दान दिया था और क्यों ?

उत्तर –मांस शिवि नामक एक राजा ने कबूतर को बचाने के लिए भूखे बाज को दान में दिया था । परोपकार के लिए उन्होने अपने शरीर का बलिदान कर दिया था ।

8. ऋषि दधीचि ने परोपकार के लिए क्या किया था ?

उत्तर –ऋषि दधीचि ने परोपकार के लिए अपने अस्थियों का दान दिया था । उनकी आस्थियों से बज्र बनाया गया जिससे वृत्रासुर नामक का राक्षस मारा गया था ।

9. ऋषि दधीचि ने किनकी मदद करने के लिए अपने अस्थिओं का दान दिया था ?

उत्तर –ऋषि दधीचि ने देवताओं की मदद करने के लिए, वृत्रासुर नामक राक्षस से बचाने के लिए अपनी अस्थिओं का दान दिया था ।

## मनुष्यता

**1.** मनुष्यता कविता के कवि कौन है ?
(i)निराला (ii)पंत (iii)महादेवी (iv) मैथली शरण गुप्त

**2.** मैथली शरण गुप्त जी का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?
(i)1886, चिरगाँव झाँसी
(ii)1478, सीटी गाँव दिल्ली
(iii)1532, राजापुर, उत्तरप्रदेश
(iv) 1865 अजमगढ, उत्तर्रदेश

**3.** कवि किससे न डरने की बात कर रहे है ?
(i)बुढापे की मृत्यु को (ii)सुमृत्यु को (iii)भयहीन मृत्यु को (iv) अचानक मृत्यु को

**4.** सच्चा मनुष्य कौन कहलाता है ?
(i)जो झूठ नहीं बोलता ।
(ii)जिसेके कोई शत्रु नहीं है ।
(iii)जो दूसरों के लिए मर मिटता है (iv) जो सच बोलता है ।

**5.** मनुष्य क्या पाकर मदांध हो जाता है ?
(i)परिवार (ii)वित्त (iii)दोस्त (iv) सोना

**6.** वित्त शब्द का समानअर्थवाला शब्द है-(i)संपति (ii)खजाना
(iii)सोना (iv) मोती

**7.** "अनाथह्व व्यक्ति का साथ हमेशा कौन देते हैं ?
(i)परिवार (ii)भगवान (iii)दोस्त (iv) दुश्मन

**8.** किसके बड़े हाथ हैं ?
(i)त्रिलोकनाथ (ii)सनाथ
(iii)भाई (iv) मित्र

**9.** कवि किसे पशु-प्रवृति कहते हैं ?
(i)पशु जेसा विवेकहीन को
(ii)केवल खा-पीकर जीने को
(iii)पशु की तरह बहुत खाने को
(iv) बुद्धि हीनता को

**10.** हम मरने से पहले कैसा काम करें ?

(i)जिस काम कीमती हो

(ii)जिससे हमें सभी न याद कर

(iii)साहसपूर्ण काम

(iv) जिससे हमें सभी याद करे ।

**11.** कवि किससे भाग्यहीन कहा है ?

(i)निर्धन को (ii)जो अधीर होता है (iii)दुर्बल व्यक्ति को(iv) दयावान व्यक्ति को

**12.** वेद किस बात के साक्षीहै ?

(i)सभी के हृदय में परमात्मा है ।

(ii)सब समान है ।

(iii)कर्म का फल नहीं मिलता

(iv) कोई-कोई अनाथ होते हैं

**13.** अधीर व्यक्ति को कवि यहां क्या कहे है ?

(i)भाग्यवान (ii)भाग्यहीन

(iii)उत्तम (iv) अति उत्तम

**14.** कवि ने किसे भाग्यहीन कहा है ?

(i)दयावान (ii)निर्धन

(iii) दुर्बल (iv) जो अधीर होता है

**15.** “आप आप ही चरेह्ल यह कैसी प्रवृति है ?

(i)लोभी प्रवृति (ii)स्वार्थी प्रवृति

(iii) अहंकारी प्रवृति (iv) पशु प्रवृति

**16.** पुराण पुरुष हमारे _______ हैं ?

(i)पिता (ii)माता

(iii) भाई (iv) बहन

**17.** वेद किसका प्रमाण देता है ?

(i)अंतर की एकता (ii)बाहर की एकता (iii) बन्धु की एकता (iv) मनुष्य की एकता

**18.** यदि बंधु, बधु की व्यथा न हरे तो क्या हो जाता है ?

(i)अर्थहीन (ii)सार्थक

(iii) अनर्थ (iv) निरर्थक

**19.** संसार में मनुष्य का बंधु कौन है ?

(i)भगवान (ii)मातापिता

(iii) मनुष्य (iv) दोस्त

**20.** जो नि:स्वार्थ भाव से काम करता है, वह:

(i)सुखदायी मृत्यु प्राप्त करता है । (ii)वह साधु बन जाता है ।

(iii) अमर हो जाता है ।

(iv) पुरस्कृत होता है ।

**21.** कौन बंधु की व्यथा हरण कर सकता है ?

(i)मातापिता (ii)बंधु

(iii) शिक्षक (iv) भाई

**22.** पुराण पुरुष हमारे क्या है ?

(i)माता (ii)भाई

(iii) बहत (iv) पिता

**23.** क्या जानकर गर्व नहीं करना चाहिए ?

(i)अनाथ (ii)सनाथ

(iii) अमीर (iv) गरीव

**24.** कवि ने किसे मनुष्य कहा है ?

(i)अपने लिए जीने वाला

(ii)जिसे धन का अहंकार नही होता

(iii) जो सेवा करता है

(iv) मनुष्य के लिए मरने वाला

**25.** दयालु दीनबंधु के हाथ __________ हैं । (i)छोटे (ii)विशाल

(iii) मोटे (iv) क्षुद्र

## उत्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1.iv) | 2.(i) | 3.(iv) | 4.(iii) | 5. (ii) |
| 6.(i) | 7. (ii) | 8. (i) | 9. (iii) | 10.(iv) |
| 11. (ii) | 12.(i) | 13. (ii) | 14. (iv) | 15.(iv) |
| 16.(i) | 17.(i) | 18.(iii) | 19.(iii) | 20.(iii) |
| 21.(ii) | 22.(iv) | 23.(ii) | 24.(iv) | 25.(ii) |

# मनुष्यता

## ५ अंक विशिष्ट प्रश्नोत्तर ।

1. विचार लो कि मर्त्ये हो न मृत्यु से डरो कभी, मरो परंतु यों करो कि याद जो करें सभी ।

ऊ:- इस कविता के जरिए कवि मैथली शरण गुप्त जी कहते है की, जिसने इस संसार पर जन्म लिया है, एक ना एक दिन वह अवश्य मरेगा इसलिए हमे मृत्यु से न डरकर कुछ ऐसा कार्य करना चाहिए, ताकि मरने के बाद भी अमर रहें ।

2. हुई न सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए ।
मरानहीं वही कि जो जिया न आपके लिए ।

ऊ:- मनुष्यता कविता के प्रस्तुत पद में कवि हमें अमर रहने का उपाय बताते हैं । कवि कहते हैं कि जो व्यक्ति दूसरों के हित के लिए काम करता है तो वह अमर हो जाता है उसके मृत्यु को सुमृत्यु माना जाताहै, जिसे सुमृत्यु नहीं मिलता उसका जिना और मरना दोनों व्यर्थ है ।

3. वही पशु प्रकृति है कि आप आप ही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।

ऊ:- प्रस्तुत पद में कवि गुप्त जी कहते हैं मनुष्य और पशु में अंतर होता हे, पशु अपने आप केलिए जीता है, लेकिन मनुष्य एक सामाजिक प्राणि है, दुसरों को सहाय और सहानुभूति दिखाना उसका कर्तव्य और विवेक है । इसलिए मनुष्य को दूसरों के लिए कुछ काम करने की आवश्यक्ता है । मनुष्य ऐसा करता है तो मनुष्य जीवन सार्थक होगा ।

4. रहो न भुल के कभी मदांध तुच्छ वित्त से
सनाथ जान आपको करो न गर्व चित्त में.

ऊ:- इस पंक्ति के जरिए गुप्त जी का यह कहना है कि मनुष्य को धन, संपति को लेकर कभी गर्व करना नहीं चाहिए, संपति को लेकर अंहकार भाव मनमें नहीं लाना चाहिए । जिस संपति या धन को लेकर मनुष्य अपने आपको सनाथ मानता है वह सदा नहीं रहता है ।

5. अनाथ कौन है यहाँ ? त्रिलोकनाथ साथ हैं
दयालु दीनबंधु के बड़े विशाल हाथ हैं ।

ऊ:- यह पद मैथली शरणा गुप्त जी द्वारा लिखित मनुष्यता कविता से आया हुआ है । कवि कहते हैं कि संसार में कोई भी मनुष्य अनाथ नहीं है क्योंकि तीनों लोकों के नाथ त्रिलोकनाथ यानि इश्वर सदा सबके साथ रहते हैं । और आपने विशाल हाथ से सभी को सहायता करने को सदा तत्पर रहते हैं ।

6. मनुष्य मात्र बंधु है, यही बड़ा विवेक है।
पुराण पुरूष स्वंय पिता प्रसिद्ध एक है ।

ऊ:- प्रस्तुत पंक्ति में कवि कहते हैं कि पुराण पुरूष स्वयं ईश्वर हमारे जन्मदाता हैं । हम सब ईश्वर के संतान हैं । धरतीपर हम सभी एक हैं । संसार के सभी मनुष्य को बंधु मानकर आपस में सभी की मदद करनी चाहिए , यह सोच हमारा विवेक होना चाहिए ।

7. फलानुसार कर्म के अवश्य बाहय भेद हैं,
पंरतु अंतरैक्य में प्रमाणभूत वेद हैं ।

ऊ:- इस संसार पर जन्म लिआ हुआ हर एक प्राणी का मृत्यु सुनिश्चित है । सभी प्राणी को अपने कर्म के अनुसार फल प्राप्त होता है । भले ही बाहरी तौर पर हमसब अलग दिखाईदेते हैं पर अंदर से सब एक हैं । हम सब् ईश्वर के संतान है । हम सभी के अन्त: करण में एक ही आत्मा है । अंतर कि एकता को वेद भी स्वीकार करता है ।

8. अनर्थ है कि बंधु ही न बंधु की त्यथा हरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।

ऊ:- कवि कहते हैं कि आज का मनुष्य एक दूसरे को आपना मित्र नहीं मानते, किसी की मदद नहीं करते, कवि ने इसे अनर्थ कहा है । उनके मनुसारे जो दूसरों के लिए जीता है और सहायता करता है वही सच्चा मनुष्य है । हमें एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। जिससे यह संसार सुखमय हो जाय ।

9. कवि ने कैसी मृत्यु को सुमृत्यु कहा है ?

ऊ:- इस कविता के जरिए कवि मनुष्य को सुमृत्यु प्राप्त करने के लिए सलाह दिए है । गुप्त जी का कहना है कि संसार में जन्में हैं तो मृत्यु निश्चित है । इसलिए मृत्यु से कभी डरना नहीं चाहिए । परंतु जीवन रहते ही कुछ ऐसा कार्य करे की मरने के बाद भी लोग हमें याद रखें । जो व्यक्ति दूसरों के काम आता है वह कभी मरता नहीं । लोग उसे मरने के बाद भी याद करते हैं । जिस व्यक्ति को मरने के बाद भी याद करते हैं । उसके मृत्यु को सुमृत्यु कहा जाता हैं ।

10. यहाँ कोई अनाथ नहीं है ऐसा कवि ने क्यों कहा है ?

ऊ:- यहाँ कोई अनाथ नहीं है क्योंकि संसार के सभी प्राणी / मनुष्य इश्वर के संतान है । इश्वर जो त्रिलोकनाथ हैं वह सबके पिता होते हैं वे सदा सबके साथ रहते हैं । इश्वर जिसके साथ होते है वह कभी अनाथ नहीं हो सकता है ।

## २.५ विशिष्ट प्रश्नोत्तर ।

1. मृत्यु से न डरने के लिए कवि क्यों कहते हैं ?

ऊ:- कवि कहते हैं कि हमें मृत्यु से डरना नहीं चाहिए क्यों कि संसार पर जन्म लिया है तो मृत्यु निश्चित है । इसलिए मृत्यु से न डरकर कुछ सतकर्म करे तो मर कर भी अमर रहेगे ।

2. पशु प्रवृति का मतलब क्या है ?

ऊ:- पशु-प्रवृत्ति से कवि का मतलब यह है कि वह मनुष्य पशु के समान है जो सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए सोचता है । केवल अपने लिए जीने वाले मनुष्य और पशु में कोई अंतर नही होता है।

3. "मनुष्य मात्र बंधु है से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

ऊ:- सभी मनुष्य आपस में भाई बंधु है क्योंकि सभी का पिता एक ईश्वर है । इसलिए सभी को प्रेम भाव से रहना चाहिए, सहायता करनी चाहिए ।

4. सबसे बड़ा विवेक क्या है ?

ऊ:- कवि के अनुसार सबसे बड़ा विवेक सभी मनुष्यों में भाइचारे की भावना को उत्पन्न करना और । बंधुत्व का भाव जगाना ही सबसे बड़ा विवेक है ।

5. कवि ने सुमृत्यु किसे कहा है ?

ऊ:- कवि का मानना है कि जो मनुष्य मरने के बाद भी याद किया जाता है, उसी की मृत्यु सुमृत्यु है ।

6. इस कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं ?

ऊ:- इस कविता के माध्यम से कवि हमें संसार मे हर व्यक्ति को बंधु मानकर सहायता करना स्नेह प्रेम दया, उदारता आदि मानवीय भावों को उजागर करने का संदेश देते हैं ।

## एक तिनका

**1.** एक तिनका के कवि का नाम क्या है ?

(A)रामेश्वर शुक्ल "अंचल (B)सूर्यकान्त त्रिपाठी "निराला (C)रामधारी सिंह "दिनकर (D)अयोध्यासिंह उपाध्याय "हरिऔध

**2.** हरिऔध जी का जन्म कब हुआ था ?

(A)सन् १८७५ (B)सन् १८६७ (C)सन् १८६५ (D)सन् १८५५

**3.** खड़ीबोली हिन्दी के प्रथम कवियों में किस कवि का नाम आता है ?

(A)गोपाल दास "नीरज (B)अयोध्यासिंह उपाध्याय "हरिऔध (C)जयशंकर प्रसाद (D)सुभद्रा कुमारी चौहान

**4.** कौन सी हरिऔध जी की प्रमुख रचना है ?

(A)वैदेही वनवास (B)विष्णुप्रिया

(C)परिमल (D)भारत-भारती

**5.** तिनके से कौन परेशान हुए ?

(A)कवि निराला (B)कवि पंत (C)कवि हरिऔध (D)कवि दिनकर

**6.** कवि के मन में क्या था ?

(A)घमंड (B)क्रोध

(C)गर्व (D)अहंकार

**7.** कवि की आँख में क्या पड़ा ?

(A)एक पत्ता (B)धूल

(C)एक कीड़ा (D)एक तिनका

**8.** कवि को किसने ताना दिया ?

(A)आत्मा (B)समझ (C)विवेक (D)घमंड़

**9.** क्या लाल होकर दुखने लगी ?

(A)आँख (B)कान

(C)नाक (D)होंठ

**10.** दबे पाँव कौन भागने लगी ?

(A)घमंड (B)अहंकार (C)ऐंठ (D)क्रोध

**11.** घमंड से ऐंठे हुए कौन खडे थे ?

(A)कवयित्री (B)लेखक (C)लेखिका (D)कवि

**12.** दूर से उड़ता हुआ क्या आया ?

(A)तिनका (B)कीड़ा (C)चिड़िया (D)पत्ता

**13.** कवि किससे परेशान हो गये ?

(A)धूल से (B)एक तिनके से (C)कीड़े से (D)पत्ते से

**14.** कौन दबे पाँव भागी ?

(A)घमंड (B)अहंकार (C)ऐंठ (D)गुस्सा

**15.** एक दिन कवि कहाँ खड़े थे ?

(A)मुडेरे पर (B)रास्ते पर (C)छत पर (D)मैदान में

**16.** तिनका कहाँ आकर गिरा ?

(A)कवि की नाक में (B)कवि के नाक पर (C)कवि की कान में (D)कवि की आँख में

**17.** आखें क्या होने लगी ?

(A)सुखने लगी (B)दुखने लागी (C)देखने लगी (D)फुलने लगी

**18.** “समझ कवि को क्या देती थी ?

(A)ताना (B)धन्यवाद (C)शाबाशी (D)चुनौति

**19.** लोग किससे सेंकने लगे ?

(A)रूमाल से (B)हाथ से (C)कपड़े से (D)कागजसे

**20.** कवि किससे भरे हुए थे ?

(A)क्रोध (B)अहंकार (C)बेईमानी (D)घमंड

**21.** किसे बेचारी कहा गया है ?

(A)आँख (B)ऐंठ

(C)घमंड (D)तिनका

**22.** घमंड को दूर करने के लिए क्या बहुत है ?

(A)एक तिनका (B)एक चाँटा

(C)एक पत्ता (D)एक धागा

**23.** कवि मुंडेर पर क्या करते थे ?

(A)खडे थे (B)सोये थे

(C)बैठे थे (D)हँसते थे

**24.** ऐंठ कैसे भाग गई ?

(A)जल्द (B)दबेपाँव

(C)तुरन्त (D)धीरे से

**25.** लोग आँख में कपड़े की क्या देने लगे ?

(A)पट्टी देने (B)सेकने लगे

(C)कपड़ा देने (D)मूँठ देने

**26.** "प्रिय प्रवास किसकी रचना है ?

(A)नीरज (B)निराला

(C) हरिऔध (D)दिनकर

**27.** "जब किसी ढब से निकल तिनका गया - यहाँ "ढब का अर्थ क्या है ?

(A)ढप (B)प्रकार

(C) ढंग (D)उपाय

**28.** एक तिनका कविता में "तिनकाू किसका प्रतीक है ?

(A)लघुता का (B)प्रभुता

(C) साधुता (D)महानता

**29.** लोगों ने तिनका कैसे निकाली ?

(A)फूँक कर (B)कपडे की गूँठ बनाकर

(C) आँखों को मल कर

(D)पानी से धोकर

**30.** कवि के आँख में कितना तिनका पड़ा ?

(A)आठ (B)पाँच

(C) दो (D)एक

**उत्तर**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1.(D) | 2.(C) | 3.(B) | 4.(A) | 5.(C) |
| 6.(A) | 7.(D) | 8.(B) | 9.(A) | 10.(C) |
| 11.(D) | 12.(A) | 13.(B) | 14.(C) | 15.(A) |
| 16.(D) | 17.(B) | 18.(A) | 19.(C) | 20.(D) |
| 21.(B) | 22.(A) | 23.(A) | 24.(B) | 25.(D) |
| 26.(C) | 27.(C) | 28.(A) | 29.(B) | 30.(D) |

# एक तिनका

1. एक तिनका कविता में कवि ने किस घटना की चर्चा की है , जिससे घमंड नहीं करने का संदेश मिलता है ?

उत्तर –"एक तिनका " कविता में कवि ने उस दिन की घटना की चर्चा की जब उन्हें अपने उपर घमंड हो गया था और वे अपने आपको श्रेष्ठ समझने लगे थे । तभी एक तिनका उनकी आखों में आकर पड़ा ओर आँखे लाल हो गई । जब किसी प्रकार तिनका निकला तो उनको समझ आया कि उनके घमंड को दुर करने के लिए एक तिनका ही काफी हे । इससे हमे घमंड न करने का संदेश मिलता है ।

2. आँख में तिनका पड़ने पर घमंडी की क्या दशा हुई ?

उत्तर –एक दिन कवि घंमण्ड मे भरकर एकदम एंठे हुए से तनकर छत के मुँडेर पर खड़े थे । ऐसे में कहीं दूर से एक छोटा सा तिनका आकर उनकी आँखों में गिरा । तिनका पड़ने पर घमंड कवि झुंझालाकर परेशान हो उठे । आँख जल रही थी और दुखने भी लगी ।

3. आँख में तिनका पड़ने पर लोग क्या करने लगे ?

उत्तर –एक दिन कवि घंमण्ड से एंठे हुए छत के मुंडेरे पर खड़े थे । उसी समय कहीं से अचानक एक तिनका दूर से उडता हुआ आकर उनकी आँखों में गिरगया । उनकी आँख लाल होकर दुखने लगी । उनकी यह दशा देखकर लोग कपड़े की मूँठ से आँख को सेकने लगे । पर कवि का दर्द किसी तरह भी कम नहीं हुआ ।

4. किसी तरह आँख से तिनका निकल गया तो कवि को क्या अनुभव हुआ ?

उत्तर –किसी तरह आँख से तिनका निकल गया तो कवि को आराम मिला । कवि का विवेक उन्हें तना मार रहा था कि तू इतना अकड़ क्यों दिखाता है। तुम्हारे घमंड को तोड़ने के लिए एक छोटा सा तिनका ही काफी हे । कवि को इस घटनासे यह बात समझमें आ गई, कि कभी घमंड, अहंकार नहीं करना चाहिए ।

5. एक तिनका कविता का मूल भाव क्या है ?

उत्तर –मनुष्य को अपने पर बड़ा गर्व होता है । इस कविता का मूल भाव यह है कि हमे कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए । क्योंकि हमारे घमंड़ को तोडने के लिए तिनका जैसे छोटी से छोटी चीज भी काफी होती है । छोटी-छोटी चीजसे घटनाएँ हमारे जीवन में बहुत प्रभाव डाले हैं और कभी-कभी एकदम बदल भी देते हैं ।

## २.५ अंक विशिष्ट प्रश्नोत्तर

1. एक दिन कवि कहाँ और कैसे खडे थे ?

उत्तर –एक दिन कवि छत के मुंडेरे पर घंमड में भरे ऐंठे हुए खडे थे ।

2. अचानक कवि के साथ क्या हुआ ?

उत्तर-अचानक कहीं दूर से एक तिनका उड़ता हुआ आया और उनके आँखों में गिर पड़ा ।

3. तिनका पड़ने पर कवि की क्या दशा हुई ?

उत्तर-तिनका पड़ने परि कवि झुंझलाकर परेशान हो उठे । आँखे लाल होकर दुखने लगी ।

4. आँख में तिनका पड़ने पर लोगों ने क्या किया ?

उत्तर-आँख में तिनका पड़ने पर लोगों ने कपडे को मुँठ बनाकर कवि के आँखों को सेकने लगे । ताकि कुछ आराम मिल सके ।

5. कौन दवे पाँव भागी और क्यों ?

उत्तर-कवि के मन में जो घमंड, अहंकार भरा था इस घटना क्रम से चकनाचूर हो गया था । इसीलिए ऐंठ बेचारी दवे पाँव भागी ।

6. तिनका कैसे निकला ?

उत्तर-लोगों ने कपड़े की मूँठ दी तथा बहुत प्रयत्नों के बाद किसी एक तरिके से तिनका निकल गया ।

7. तिनका निकलने के बाद क्या हुआ ?

उत्तर-तिनका निकलने के बाद कवि के समझ ने उनको तना मारा कि तू इतना अकड़ क्यों दिखाता है । एक छोटा सा तिनका हो तेरे घमंड को तोडने के लिए काफी है ।

8. एक तिनका कविता में “मैं“ किसका प्रतीक है ?

उत्तर-एत तिनका कविता में “मैं“ कवि तथा अहंकार का प्रतीक है ।

9. एक तिनका कविता से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

उत्तर-इस कविता से हमें यह सीख मिलती है कि मनुष्य को कभी घमंड नहीं करना चाहिए । घमंड मनुष्य को पतन की और ले जाता है ।

10. घमंडी की घमंड दूर करने के लिए क्या बहुत है ?

उत्तर-घमंडी की घंमड दूर करने के लिए एक तिनके जैसे छोटा सा वस्तु भी बहुत है ।

# PROSE

## मधुर भाषण

Objective (MCQ)

**1.** कर्णकटु शब्द को हम क्या बना सकते हैं ?

(A)स्थायी (B)मधुर

(C)चित्र (D)साहित्य

**2.** किससे विश्वास उत्पन्न होता है?

(A)कटुवाणी (B)दुर्व्यवहार (C)मधुर भोजन (D)मधुरवचन

**3.** शब्दों का जादू बडा क्या है ?

(A)जर्बदस्त (B)आसान (C)सरल (D)कठिन

**4.** किस पर मनुष्य का विशेष अधिकार है?

(A)भाषा (B)रुप

(C)धन (D)सौन्दर्य

**5.** मनुष्य आज किसको वश में कर लिया?

(A)पंचमहाभूतों को (B)वाणी को (C)बुद्धिको (D)क्रोध को

**6.** किसके लिए वचन पहली सीढी है ?

(A)धर्म (B)ज्ञान

(C)कर्म (D)वैराग्य

**7.** सच्चा साहित्यिक क्या दूर करता है?

(A)गलतफहमी (B)पत्रपत्रिका (C)निश्‍चितघटना (D)लेखक पुस्तिका

**8.** भाषा का गुण है-

(A)प्रसन्नता (B)माधुर्य (C)आतंक (D)अनुकूल कर्म

**9.** क्या अशिष्ट नहीं होनी चाहिए ?

(A)वार्तालाप (B)आत्मोयता (C)व्यवहार बातचीत (D)कर्म

**10.** काम से क्या नहीं होना चाहिए?

(A)आनंद (B)दुःख (C)नाखुश (D)आग्रह

**11.** वाणभट्ट के प्रसिद्ध पुस्तक है -

(A)कादम्बरी (B)नवरस (C)कामायनी (D)गौदान

**12.** वाणभट्ट के कितने पुत्र थे -

(A)चार (B)दो

(C)एक (D)तीन

**13.** मनुष्य _______ बनता है ?

(A)वंद्य (B)साधु (C)भगवान (D)शैतान

**14.** किसके कारण मनुष्य आज उन्नति की है । (A)भाषा (B)बल(C)आनंद (D)सुख

**15.** माधुर्य किसका गुण है ?

(A)भाषाका (B)मनुष्यका (C)लोगों का (D)किसीका नहीं

**16.** किसकी समाज में कमी नहीं ?

(A)आनंदपूर्ण वातोंकी

(B)विषभरे कनक घटों की

(C)व्यवसाय की (D)खुशामदों की

**17.** वचन की पहली सीडी है -

(A)धर्म (B)कर्म

(C)भाषा (D)पूजा

**18.** भाव को प्रभावशाली भाषा में व्यक्त करना क्या है ?

(A)संगीत (B)इतिहास (C)नाटक (D)साहित्य

**19.** धन्यवाद कब बोलना चाहिए ?

(A)काम के बाद (B)काम के पहले (C)सुबह शाम (D)कभी नहीं

**20.** क्या सहन कीजाती है ?

(A)दो लातें (B)दो वातें (C)बोलना (D)कहना

**21.** प्रत्येक कार्य कैसे करना आवश्यक है ?

(A)धूम धाम से (B)कोध से (C)प्रसन्नता (D)जल्दबाजी से

**22.** वाणी की मधुरता के साथ विनयपूर्ण व्यवहार क्या है ?

(A)शिष्टाचार (B)सदाचार (C)इमानदार (D)लोकाचार

**23.** मुलम्में के सिक्के का अर्थ क्या है-

(A)पुराना सिक्का (B)नकली मुद्रा (C)असली मुद्रा (D)नया सिक्का

**24.** शिष्टाचार का अर्थ है -

(A)अच्छा कार्य (B)खुसी (C)सम्मान (D)तकल्लुफ

**25.** मधुर भाषण निबंध के लेखक कौन है ?

(A)वाणभट्ट (B)प्रेमचंद

(C) बाबू गुलाबराय (D)प्रेमचदं

**26.** इनकार में किसकी गंध नहीं आनी चाहिए ?

(A)अपमान (B)नुक्सान
(C) अधिकार (D)फायदे

**27.** चित्त को क्या करने वाला आनंद है माधुर्य ?
(A)खरीदनेवाला (B)पिघलानेवाला (C) आकर्षित (D)नफरत

**28.** निजी संबंध की वातचीत में किसका अभाव न रहना चाहिए ?
(A)मधुरता (B)शिष्टता
(C) आत्मीयता (D)व्यवहारिकता

**29.** टकसाली भाव का अर्थ क्या है ?
(A)कटुभाषी (B)मधुरभाषी (C) ईमानदारी (D)सच्ची भावना

**30.** भाषा द्वारा किसकी रक्षा होती है ?
(A)ज्ञान और अनुभव (B)बल और बुद्धि (C) धन-मर्यादा (D)मान-सम्मान

**31.** व्यापारिक बातचीत __________ न होनी चाहिए ।
(A)भद्र (B)अशिष्ट
(C) सरल (D)कटु

**32.** बात उतनी ही कही जाए जितनी __________ जा सके ।
(A)निभाई (B)चढाई
(C) पढाई (D)संभाल

**33.** मनुष्य की पोशाक और चालढाल का प्रभाव __________ पर पडता है ।
(A)विवेक (B)संस्कृति (C) समाज (D)वंश परंपरा

**34.** समाज पर किसका प्रभाव ऊपरी होता है ?
(A)नेताओं (B)भाषण
(C) पोशाक (D)संतो

**35.** व्यापारिक और निजी बातचीत में ________ रखना चाहिए ।
(A)साम्य (B)समानता (C) असमानता (D)अंतर

**36.** ____________ बातचीत नापीतुली हो सकती हैं ?
(A)निजी संबंधो की (B)व्यापारिक (C) सरकारी (D)अर्दसरकारी

**37.** किसकी रक्षा सज्जन का पहला कर्त्तव्य है ?
(A)अभिमान (B)स्वाभीमान (C) दुसत्कार (D)प्रेम

**38.** किससे मनुष्य की कुल परंपरा का परिचय मिलता है ?
(A)धन दौलत (B)मधुर भाषण (C) मानमर्यदा (D)उच्च शिक्षा

**39.** किसी काम को कराने के लिए किस शब्द का प्रयोग करना चाहिए ?

(A)कृपया (B)धन्यवाद (C) नमस्ते (D)जी

**40.** दो रुठों को कैसे मिलाया जा सकता है ?

(A)मधुर शब्द से (B)शब्द से

(C) कठोर शब्द से (D)अपशब्द से

**41.** मधुर भाषी के लिए किसमें साम्य रखना चाहिए ?

(A)कथनी और करनी (B)दिखावा (C) पहचान (D)चालचलन

**42.** शुष्क कष्ठ निष्ठत्यग्रे- किसने कहा ?

(A)छोटे लडके (B)बडे लडके (C) छोटी लड़की (D)बड़ी लड़की

**43.** इनकार किसके कारण होना चाहिए ?

(A)इच्छा (B)मजबूरी

(C) पसन्द (D)स्थिति

**44.** मनुष्य भौतिक बल में न्यून है? यहाँ न्यून का अर्थ है -

(A)कम (B)ज्यादा

(C) अंधा (D)दरिद्र

**45.** आनन्दरूपी चित्त को पिघला देता है?

(A)मधुरता (B)माधुर्य

(C) कठोरता (D)कठोर

**46.** कोयल किससे जग को अपना लेती है ?

(A)मीठेवचन (B)कठोरवचन (C) प्यार से (D)गुस्से से

**47.** वाणी की मधुरता के साथ विनयपूर्ण व्यवहार ही ____________ है।

(A)मधुरभाषण (B)कार्यरता (C) शिष्टाचार (D)सज्जनता

**48.** "नीरस तरुवर विलसति पुरत:- यहाँ विलासति का क्या अर्थ है ?

(A)लकड़ी (B)वृक्ष

(C) लड़की (D) शोभा

**49.** वचन किसके लिए पहली सीढी है । (A)विश्वास (B)कर्त्तव्य

(C) कर्म (D) अभिमान

**50.** मधुर वचन दूसरों को________ करती है ।

(A)रुष्ट (B)अधिकार (C) वाणी (D) प्रसन्न

**51.** भाषा पर ________ का अधिकार । (A)मनुष्य (B)देवता

(C) असूर (D) दानव

**52.** वचन के ________ कर्म बनना चाहिए । (A)अनुसार (B)मनुकूल (C) मुताविक (D) हिसाव से

**53.** भाषा द्वारा मनुष्य की ______ कायम होती है ।
(A)मनुष्यता (B)व्यापरिकता (C) सामाजिकता (D) शिष्टता

**54.** ______ की पुस्तक कादंबरी है । (A)प्रेमचंद (B)रैदास
(C) बाणभट्ट (D) कबीर दास

**55.** कठोर वचन दूसरों को ______ करती है ।
(A)रुष्ट (B)अधिकार (C) वाणी (D) प्रसन्न

**56.** माधुर्य भाषा का भी एक ______ है । (A)हिस्सा (B)लहजा
(C) तरीका (D) गुण

## उत्तर

1.(B) 2.(D) 3.(A) 4.(A) 5.(A) 6.(C) 7.(A) 8.(B) 9.(A) 10.(C)
11.(A) 12.(B) 13.(A) 14.(A) 15.(A) 16.(B) 17.(C)
18.(D) 19.(A) 20.(A) 21.(C) 22.(A) 23.(B) 24.(A)
25.(C) 26.(C) 27.(B) 28.(C) 29.(D) 30.(A) 31.(B)
32.(A) 33.(C) 34.(C) 35.(D)
36.(B) 37.(B) 38.(B) 39.(A) 40.(A) 41.(A) 42.(B) 43.(B)
44.(A) 45.(B) 46.(A) 47.(C) 48.(D) 49.(C) 50.(D)
51.(A) 52.(B) 53.(C) 54.(C) 55.(A) 56.(D)

## SUBJECTIVE

05 marks

**1.** मधुर भाषण किसे कहते है ?

उ: जिस बात को सुनने से हृदय को द्रवित करने वाला आनंद मिलता है उसे मधुर भाषण कहते हैं । मधुर भाषण हृदय द्वार को खोलने की चावी है । एक मधुर शब्द दो रूठों को मिला देता है और एक कटु शब्द दो मित्रों में शत्रुता उत्पन्न कर देता हैं ।

**2.** किन किन गुणों के कारण मनुष्य आदर भाजन बनता है ?

उ: वार्तालाप की शिष्टता मनुष्य को आदर भाजन बनाती है । पोशाक और चालढाल भी मनुष्य को आदर भाजन बनाती है, और सभी काम की सफलता के लिए रास्ता साफ कर देती है । मधुर भाषी के लिए कथनी और करनी में समानता होनी चाहिए । मधुर वचन ही विश्वास उत्पन्न करके भय और आतंक को दूर कर देता है ।

**3.** मधुर वचन के साथ टकसाली भाव होने का क्या अर्थ है ?

उ: जिस प्रकार सिक्को की खनखन आवाज के साथ उनकी प्रामाणिकता हो तभी वे समाज में स्वीकार्य होते हैं, वरना नकली साबित हो कर बेकार हो जाता हैं । उसी प्रकार मुँह पर मीठे वचनों के साथ साथ हृदय में ऐसी निर्मलता और सज्जनता हो तभी मनुष्य बंदनीय होता है ।

**4.** हम कुछ चीज देने से इनकार करते समय कैसा व्यवहार करेंगे ?

उ: हम कुछ चीज देने से इनकार भी अत्यंत शिष्ट और नम्र से करना चाहिए । इनकार के समय किसी प्रकार अहंकार या अभिमान का गंध भी न रहना चाहिए । हमे दु:ख या खेद प्रकट कर इनकार करने से किसी को खराब नहीं लगाता । दु:ख की बात है कि आप जैसे लोग मेरे घर आये मगर कुछ मदद नहीं कर पाया । इससे माँगने वाला भी सन्तुष्ट हो जाएगा ।

**5.** बाणभट्ट ने अपने छोटे लडके को पुस्तक पूरी करने के लिए क्यों कहा ?

उ: वाणभट ने अपने छोटे लड़के को पुस्तक पूरी करने को कहा क्योंकि छोटे लड़के में भाषा को मधुरता से प्रकट करेने की योग्यता थी जो बडे में नहीं थी । इसके लिए दोनों पुत्रों को पास बुलाकर एक सुखे वृक्ष को किस प्रकार अपनी भाषा में व्यक्त करेगें इसके बारे में पूछा । जिसे अति सरल और सुंदर भाषा में छोटे लड़के ने उत्तर दे दिया था ।

**6.** भाषा के द्वारा मनुष्य किस प्रकार उन्नति की है ?

उ: यद्यपि मनुष्य अन्य जानवरों से शारीरिक बल से कमजोर है परंतु अपनी बुद्धि और भाषा के सहारे मनुष्य उनसे भी ताकतदार हो गया है । उसने पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु इन पंच महाभूतों को अपने वश में कर लिया है। भाषा द्वारा ज्ञान और अनुभव की रक्षा होती है ।

**7.** किसी काम को कराने के लिए सज्जन का पहला कर्त्तव्य क्या है ?

उ: किसी भी काम को प्रसन्नता के साथ करना चाहिए । वह दूसरों के स्वाभीमान की रक्षा करे । ऐसा कोई भी शब्द न कहें जिससे काम में अरूचि और नाखुशी जाहिर हो । किसी काम को कराने के लिए शिष्टता प्रदर्शन हेतु कृपया शब्द पहले और काम खतम होने के बाद धन्यवाद शब्द का कहना जरूरी है । अपने से कम स्थिति के लोगों के स्वाभीमान की रक्षा करना सज्जन का पहला कर्त्तव्य है ।

**8.** भाषा के द्वारा मनुष्य की सामाजिकता किस प्रकार कायम है ?

उ: भाषा के सदुपयोग से मनुष्य की खुब प्रगति होती है, और भाषा के दुरुपयोग से सामाजिकता छिन्न –भिन्न हो जाती है । एकमधुर शब्द दो रुठे हुए लोगों को मिला देता है । मगर एक ही कटु शब्द दो मित्रों के मन में बैर उत्पन्न कर देता है ।

**9.** मधुर भाषण के बारे में तुलसीदास जी ने क्या कहा है ?

उ: तुलसीदास जी मधुर भाषण के वारे में कहते हैं कि कोयल और काक देखने में एक है । कोयल किसी को क्या देती है और कौवा क्या लेता है ? फिरभी लोग कोयल को चाहते है

और कौवा को भगाते हैं क्योंकि कोयल मीठी बोलती है और कौवा कड़वा बोलता है । मीठे वचनों से ही हम किसी को अपना बना सकते हैं ।

**10.** सच्चा भावों और विचारों प्रकट करना ही भाषा है ।

उ: अपने भावों और विचारों प्रकट करना ही भाषा है । भाषा द्वारा मनुष्य अन्य जानवरों से भिन्न है । भाषा के सदुपयोग से मनुष्य की प्रगति होती है । भावों तथा विचारों को प्रभावशाली भाषा में व्यक्त करना ही साहित्य है । जो सच्चे भाव से काम करता है वह साहित्यिक है । जो व्यक्ति किसी गलतफहमी के दूर कर रूठे हुए मित्र को मना लेता है वह सच्चा साहित्यिक कहलाता है ।

**11.** शिष्टाचार का वास्तविक अर्थ क्या है ?

उ: शिष्टाचार का अर्थ लोग दिखावा या तकल्लुफ कहते हैं मगर वास्तव में शिष्टाचार का अर्थ है- सज्जनों चित्त व्यवहार । मधुर भाषण के साथ इनका भी संबंध है । इसके द्वारा मनुष्य की शिक्षा-दीक्षा और कुल की परंपरा और मर्यादा का परिचय मिलता है ।

# बोध

## संक्षिप्त प्रश्नोत्तर बोध

**1.** प्रेमचंद की कहानियाँ मानसरोवर में संकलित है ।

**2.** पंडित जो के पड़ोस में रहने वाले दो महाशयों का नाम ठाकुर अतिवल सिंह और मुंशी वैजनाथ है ।

**3.** ठाकुर साहाब और मुंशी जी के लिए बाजार में अलगा सा भाव था ।

**4.** पंडित जी पर अफसर लोग खुश थे क्योंकि पंडित जी ठीक समय पर आते देर से जाऐ और मन लगाकर पढ़ाते थे ।

**5.** दूसरा मुसाफिर ठाकुर साहाब के खुन का प्यासा था ।

**6.** मुंशी जी शाम तक: चंगे हुए ।

**7.** पंडित चन्द्रधर शिक्षक की नौकरी के लिए पछताते थे ।

**8.** पंडित जी के ऊपर बस्ती के लोग संतुष्ट थे ।

**9.** पंडित अनीति को विष के घूँट के समान पीते थे ।

**10.** मुंशी की पाचन क्रिया में विघ्न पड़ा ।

**11.** मुंशी की पत्नी बच्चों को लेकर उतर पड़ी ।

**12.** हकीम डॉक्टर की तलास हुई ।

**13.** दारोगा ने दौड़-धूप कर एक डोली का प्रबंध किया ।

**14.** लोग विवश होकर मुंशी जी को पेड़ के नीचे ले गये ।

15. कृपाशंकर की सहायता और शालीनता प्रकाशमय दिखाई देती है ।
16. ठाकुर और मुंशी दोनों का वेतन पंडित से अधिक नहीं था ।
17. हफ्तों पहले से अयोध्या यात्रा की तैयारियाँ होने लगी ।
18. ठाकुर साहाब धक्का खा कर प्लेट फॉर्म में गिर पड़े ।
19. चोखेलाल को फीस की जरुरत थी ।
20. पंडित चन्द्रधर ने उच्च –प्राथमिक विद्यालय में मुदर्रिसी की थी ।
21. बाजार में मुंशिचाइन का गहना बेचा गया ।
22. कृपाशंकर म्युनिसिपालटी में नौकर था । और पंडित जी का शिष्य भी था ।
23. कृपाशंकर ने विल्हौर से इन्द्रोन्स की परीक्षा नगरपाकिा में नौकर के पद पर तैनात हुआ था ।
24. पंडित चंद्रधर सदा पछताया करते थे ।
25. वेतन वृष्टि को ऊसर की खेती कहा गया है ।
26. दोनों महाशयों ने एक एक सप्ताह की छूट्टी ली ।
27. मुंशी जी को शशब – कबाब का व्यसन था ।
28. बिल्हौर से रात एक बजे गाड़ी छूटती थी ।
29. कृपाशंकर की विनय और नम्रता ने सब को मुग्ध कर लिया ।
30. शिक्षक का गौरब पंडित चन्द्रधर ने समझा ।
31. गाड़ी आने पर उतावले होकर मुंशी जी पहले निकलकर दूसरे डिब्बे में चढ़ गए ।
32. ठाकुर ने खुफिया फरेसी का अपराध लगाया था
33. कृपाशंकर ने कई कुलियों को बुलाकर असबाब उठवाया ।
34. चोखेलाल कम्पाउम्डर थे । पर लोग उन्हें आदर से डाक्टर कहते थे ।
35. स्टेशन मास्टर ने मुंशीको हैजा हुआ जान कर बाहर ले जाने का हुकम दिया ।
36. तीसरे स्टेशन आने पर दोनों मुसाफिरों ने ठाकुर का सामान उठाकर बाहर फैंक दिया तथा साहाब को धक्का देकर प्लेटफॉर्म पर गिरा दिया ।
37. दशेगा जी अस्पताल दौड़े ।
38. हैजे रोगी को ऊपर लाने की आज्ञा नहीं. – ऐसा चोखेलाल ने कहा ।
39. दरोगा जी ने स्त्री से रुपये माँगे ।
40. कभी-कभी इस सेवक को याद कीजिएगा – ऐसा कृपाशंकर ने कहा ।

## दीर्घ उत्तरमूलक प्रश्नोंत्तर

1. चोखेलाल का घर बिल्हौर में था । और उनकी थोड़ी सी जमीन भी थी । इसलिए साल में दो बार उसकी देखभाल करने तथा तहसील में लगान जमा करने वह हर साल बिल्हौर जाते थे ।

2. कृपाशंकर ने गुरु को देखकर तुरन्त पहचान लिया और पंडित जी के चरण छुए । उसने कहा- वह उनका शिष्य रह चुका है । उसके पिता बिल्हौर के डाक मुंसी थे । अभी वह नगरपालिका में नौकरी करता है ।

3. कृपाशंकर सबको अपने घर ले गया । चारपाइयाँ बिछाकर बिठाया । पुड़ी सब्जी बड़े आग्रह से खिलायी । उनकी सेवा करने के लिए वह सेवक की तरह दौड़ता था । उन्हें प्रत्येक धाम का दर्शन कराया । उसकी नम्रतापूर्ण सेवा से सब मुग्ध हो गए ।

4. पंडित चन्द्रधर उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक की नौकरी करके हमेशा पछताया करते थे । कारण यह था कि शिक्षा विभाग में अतिरिक्त आय का साधन नहीं था । अन्य विभागों में होते तो कुछ अधिक पैसे होते और जीवन आराम से बीतता ।

5. महीने भरके इन्तजार के बाद पंडितजी को वेतन के पंद्रह रुपये मिलते थे जो शीघ्र ही खत्म हो जाते थे । न खाने का सुख, न पहनने का आराम था । इसलिए वे कहा करते थे कि “हमसे तो मजदूर भले ।ह्ण

6. पंडित जी अपने कर्त्तव्य में कोई कमी नहीं होने देते थे । वे ठिक समय पर विद्यालय जाते, मन लगाकर पढाते और देर तक लौटते । इसलिए अफसर लोग उन पर खुस थे ।

7. अपनी दूरावस्था से निकलने के लिए पंडित जी ने बहुत कोशिश की । वेतन बढाने के लिए प्रार्थना पत्र लिके, अफसरों की खुशामदें कीं. पर उनकी आशा पूरी नहीं हुई । अंत में हारकर बैठ गए ।

8. किसी मेले में ठाकुर साहब ने दूसरे मुसाफिर को बे वजह कई डण्डे लगाए थे । वह चुपचाप तमाशा देख रहा था और ठाकुर ने अकारण कचुमर निकाल दिया । मुसाफिर के दिल में अब तक इसका घाव था ।

9. कृपाशंकर ठाकुर और मुंशी के परिवार को अपने घर ले गया । वहाँ रहने और खाने की अच्छी व्यवस्था की । तीन दिनों तक खुद साथ रहकर प्रत्येक धाम के दर्शन करवाए । स्टेशन भी छोड़ने गया ।

10. मुंशी जी की भीड़ में बुरी दशा थी । जरा भी पैर फैलाने की जगह नहीं थी । सारी रात जागना पड़ा । हर स्टेसन पर शराब की दो -चार घूटँ लेते थे । फल स्वरुप उनका पेट खराब हो गया । पेट में मरोड़ उठने लगे । फिर उल्टी शुरु हो गई ।

निम्नलिखित प्रशनों के उत्तर एक एक वाक्य में दीजिए:

1. प्रेमचंद की कहनियाँ किसमें संकलित है ?
2. पंडित जी के पड़ोस में रहने वाले दो महाराथों का नाम क्या था ?
3. किनके लिए बाजार में अलग सा भाव था ?
4. पंडित जी पर अफसर लोग खुश क्यों थे ?

5. कौन ठाकुर साहब के खुन का प्यासा था ?
6. मुंशी जी कब तक चंगे हुए ?
7. कौन शिक्षक की नौकरी के लिए पछताते थे ?
8. किसके ऊपर बस्ती के लोग संतुष्ट थे ?
9. पंडित अनीति को कैसे पीते थे ?
10. मुँशी की कहाँ विघ्न पड़ा ?
11. कौन बच्चों को लेकर उतर पड़ी ?
12. किसकी तलास हुई ?
13. किसने ढौड़-धुप कर एक डोली का प्रबंध किया ?
14. ळोग विवश होकर मुंशीजी को कहाँ ले गए ?
15. कृपाशंकर की सहयता और शालीनता कैसे दिखाई देती थी ?
16. किन दोनों का वेतन पंडित से अधिक नहीं था ?
17. कब से अयोध्या यात्रा की तैयारियाँ होने लगी ?
18. ठाकुर साहब धक्का खा कर कहाँ गिर पड़े ?
19. चोखेलाल को क्या जरुरत थी ?
20. भाजार में मुंशीआइन का क्या बेचा गया ?
21. पंडित चंद्रधर ने कहाँ मुदर्रिसी की थी ?
22. कृपाशंकर कौन था ?
23. कृपाशंकर ने बिल्हौर से कौन सी परीक्षा पास कि और अयोध्या में किस पद पर तैनात हुआ था ?
24. कौन सदा पछताया करते थे ?
25. वेतन वृद्धि को किसकी खेती कहा गया है ?
26. दोनों महाशयों ने कितने सप्ताह की छुट्‌टी लि ?
27. मुंशी जी को कौन सा व्यसन था ?
28. बिल्हौर से कितने बजे गाड़ी छूटती थी ?
29. किनकी विनय और नम्रता ने सब को मुग्ध करलिया ?
30. शिक्षक का गौरव किसने समझा ?
31. गाड़ी आने पर क्या हुआ ?
32. ठाकुर ने कैसा अपराध लगाया था ?
33. कृपाशंकर ने किसे बुलाकर असबाब उठवाया ?
34. चोखेलाल कौन हैं ?

**35.** स्टेशन मास्टर ने क्या हुकम दिया ?

**36.** थीसरे स्टेशन पर दोनों मुसाफिरों ने क्या किया ?

**37.** कौन अस्पताल दौड़े ?

**38.** हैजे रोगी को ऊपर लाने की आज्ञा नहीं –ऐसा किसने कहा ?

**39.** दरोगा जी ने किससे रुपए माँगे ?

**40.** कभी-कभी इस सेवक को याद कीजिएगा – ऐसा किसने कहा ?

निम्नलिखित प्रशनों के उत्तर दो-तीन वाक्य में दीजिए :

**1.** चोखेलाल हर साल बिल्हौर क्यों जाते थे ?

**2.** कृपाशंकर ने कैसे अपना परिचय दिया ?

**3.** कृपाशंकर ने कैसे उनकी सेवा की ?

**4.** पंडित चंद्रधर हमेशा क्यों पछताया करते थे ?

**5.** पंडित जी क्यों कहा करते थे कि "हमसे तो मजदूर ही भलेह ?

**6.** पंडित चन्द्रधर पर उनके अफसर क्यों खुश थे ?

**7.** अपनी दूरावस्था से निकलने के लिए पंडित जी ने क्या किया ?

**8.** ठाकुर साहब ने दूसरे मुसाफिर का क्या बिगाड़ा था ?

**9.** कृपाशंकर ने कैसे सहायता की ?

**10.** गाड़ी में मुंशीजी की क्या दशा हुई ?

**11.**

## बोध

MCQ

**41.** कृपाशंकर की विनय और __________ ने सबको मुग्ध कर लिया ।

(A)दानशीलता (B)नम्रता (C)मिष्टभाषण (D)साधुता

**42.** कृपाशंकर __________ में नौकर थे ?

(A)म्युनिसिपल्टी (B)अस्पताल (C)विद्यालय (D)डाक विभाग

**43.** कृपाशंकर के किस गुण से चन्द्रधर और सव लोग मुग्ध हो गए ?

(A)सहायता और शालीनता

(B)साधुता और नम्रता

(C)दानशीलता (D)विनय और नम्रता

**44.** मैं आपका पुराना शिष्य हूँ । मेरा नाम है _________ ।

(A)दीननाथ (B)बैजनाथ

(C)रामशंकर (D)कृपाशंकर

**45.** कृपाशंकर और चन्द्रधर का संबंध क्या था ?

(A)शिष्य-गुरु (B)परिचित

(C)मित्रजैसा (D)गुरुशिष्य

**46.** दारोगा जी बैजनाथ की स्त्री से रुपए माँगे, तब उसे अपने ________की याद आई ।

(A)गहने (B)बक्से (C)अतीत (D)बच्चों

**47.** अयोध्या में नदी की तरफ से आनेवाले आदमी कौन था ।

(A)बैजनाथ (B)कृपाशंकर (C)अतिबल सिंह (D)चन्द्रधर

**48.** ठाकुर साहब और उनके साथियों ने खुले मैदान में लेटते समय किसकी गरज सुनी ?

(A) बाघ की (B) बादल की

(C) पहेरदार की (D) रात की

**49.** अयोध्या से नदी की तरफ से आनेवाले आदमी के हाथ में क्या था ?

(A)टाँर्च (B)डडा

(C)खाना (D)लालटेन

**50.** पता लगा कि ________________ की तरफ से बहाँ एक छोटा सा अस्पताल है ।

(A)नगर समिति (B)म्युनिसिपल्टी (C)डिस्ट्रिक्ट बोर्ड (D)स्टेशन

**51.** मुंशी बैजनाथ प्रत्येक स्टेशन पर _________ले लेते थे ।

(A)कोयला पानी (B)नाश्ता (C)शाराब-कबाब (D)पानी की बोतल

**52.** आपने मेरी सूरत व दिखी होगी, पर आपके_________ ने देखी है ।

(A)ड़डे (B)कांस्टेबल (C)मित्र (D)मुंशी जे

**53.** ठाकुर साहब को अयोध्या में किनके घरों में जगह न मिली ?

(A)धर्मशाला मे (B)पडो के (C)रिश्तेदारों के (D)मित्रो के

**54.** मुंशिआइन को दवा खरीदने के लिए क्या बेचना पडा ?

(A)गहना (B)असबाब (C)ट्रंक (D)चूडी

**55.** अस्पताल में ठहरने के लिए चौखेलाल ने रोज की फीस कितनें रुपए बताए ?

(A)पाँच (B)बीस

(C)तीस (D)दस

**56.** मुंशी जी को उनका हक न देने से चौखेलाल कब तक खडे रहते थे ?

(A)रात (B)सुबह

(C)शाम (D)अगलीबार

**57.** चौखेलाल तहसील क्यों जाते थे ?

(A)अपनी फिस देने (B)अपका हक देने (C)फसल काटने (D)लगान जमा करने

**58.** साल में कितनी बार चोखेलाल जमीन की देखभाल करने जाते थे ?

(A)एक-दो (B)दो

(C)दो-तीन (D)तीन

**59.** किसकी तरफ से वहाँ एक अस्पताल था ?

(A)डिस्ट्रिक्ट बोर्ड (B)सरकार (C) स्टेशन मास्टर (D)तहसील

**60.** मुंशी जी की किसमें अस्पताल ले लिया गया ।

(A)कार (B)डोली

(C) झुले (D)बैलगाडी

**61.** पंडित जी ने किसी दूसरे विभाग में जाने की कोशिश नहीं की क्योंकि-

(A)उन्हे शिक्षक पद का महानता ज्ञात हो गई ।

(B)उनकी वेतन-वृद्धि हो गई ।

(C)वहुत चेष्टा करने पर भी उन्हे दूसरी नौकरी नही मिली।

(D)उनकी उम्र अधिक हो गई थी ।

**62.** मुसाफिरों के साथ बातचीत होते समय पंडित जी को क्या डर था ?

(A)धकेल दिया जाने का

(B)मार-पीट का

(C)वाद-विवाद का (D)मुक्केबाजी का

**63.** चौखेलाल ने मुंशीजी को ऊपर ले जाने से क्यों मना किया ?

(A)वे हैजे के रोगी थे (B)ऊपर जगह न थी (C)वे बिल्हौर के थे

(D)ऊपर नहीं जा सकते थे

**64.** सबेरे के समय मुझे बाहर जाने की आज्ञा नहीं हैं किसने कहा ?

(A)चोखेलाल (B)प्यारेलाल

(C)माखनलाल (D)कृपाशंकर

**65.** “क्या हमने किराया नहीं दिया है‖ किसने पूछा ?

(A)मुशीजी ने (B)पंडित जी ने (C)मुंशियाइन ने (D)ठाकुर साहब ने

**66.** मुंशी जी रेल के डिब्बे में लेट नहीं सके, क्योंकि

(A)बहाँ बहुत भीड थी ।

(B)उनको शराब पीनी थी ।

(C)कोयला पानी भरा था ।

(D)वे डिब्बे में अकेले थे ।

**67.** कौन खमीरा पीते थे ?

(A)अतिबल सिंह (B)मुंशो बैजनाथ (C)पंडित चन्द्रधर (D)कृपाशंकर

**68.** पंडित चन्द्रधर किसे जंजाल समझते थे ?

(A)तहसील की नौकरी को

(B)अफसरों की खुशामद को

(C)शिक्षकता को (D)शराब को

**69.** मुंशी जी की दुर्दशा देखकर कौन अस्पताल दौडे ?

(A)ठाकुर साहब (B)पंडित जी (C)बैजनाथ (D)स्टेशनमाष्टर

**70.** मुंशी जी नशा हो जाने के बाद क्या बजाते थे ?

(A)सितार (B)तबला

(C)हारमोनियम (D)तालियाँ

## उत्तर

41. (B) 42.(A) 43.(D) 44.(D) 45.(A)

46.(B) 47.(B) 48.(B) 49.(D) 50.(C)

51.(A) 52.(A) 53.(B) 54.(A) 55.(D)

56.(C) 57.(D) 58.(B) 59.(A) 60.(B) 61.(A) 62.(B) 63.(A)

64.(A) 65.(D) 66.(A) 67.(A) 68.(C) 69.(A) 70.(C)

## बोध

01 बोध कहानी के कहानीकार कौन है ?

(i)गुलाबराय (ii)प्रेमचन्द (iii)महादेवी वर्मा (iv)संकलित

02 कहानी में कौन नहीं है ?

(i)मुंशी बैजनाथ (ii)सुदर्शन

(iii)पंडित चन्द्रधर (iv)ठाकुर अतीबल सिंह

03 पंडित चन्द्रधर कहाँ मुदारिशी करते थे ?

(i)लोयर प्राइमरी (ii)अपर प्राइमरी (iii)हाइस्कुल (iv)कॉलेज

04 पंडित चन्द्रधर का वेतन क्या था ?

(i)२०रुपये (ii)१२ रुपये (iii)१५ रुपये (iv)४५ रुपये

05 तहसील में कौन सियाहेनवीस थे ?

(i)पंडित चन्द्रधर

(ii)ठाकुर अतिबल सिंह

(iii)मुशी बैधनाथ (iv)इनमें से कोई नहीं ।

06 ठाकुर अतिबल क्या काम करते थे ?

(i)शिक्षक (ii)अध्यापक (iii)सियोहेनवीस (iv)हेड कान्सटेबल

07 ठाकुर अविबल सिंह को रेलगाड़ी के डिब्बे में कितने लोग मिलें ?

(i)४ (ii)१० (iii)२ (iv)५

08 किसको शराब-कबाब का व्यसन था ?

(i)पंडित चंद्रधर (ii)ठाकुर अतिबल सिंह (iii)मुंशी बैजनाथ (iv)इनमें से कोई नहीं

09 वे कहाँ जा रहे थे ?

(i)अयोध्या (ii)तामिलनाडु

(iii)उत्तरप्रदेश (iv)मध्यप्रदेश

10 मुंशी बैजनाथ कहाँ बीमार पडे ?

(i)प्लेटफॉर्म पर (ii)घर में

(iii)विद्यालय में (iv)रेलगाडी में

11 सुसाफिर ने ठाकुर को जगह क्यों नहीं दी ?

(i)चोरी का इलजाम लगाया था (ii)जासूस का अपराध लगाया

(iii)ठाकुर ने उसे जेल में बंद किया था (iv)इनमें से कोई नहीं

12 मुंशी जी की पत्नी रेलगाड़ी में क्या भूल गयी ?

(i)बिस्तर (ii)ट्रंक (iii)बच्चा (iv)बैग

13 डाँ चोखेलाल कहाँ के रहने वाले थे ?

(i)दिल्ली (ii)झारखण्ड (iii)बिल्लौर (iv)ओड़िशा

14 पंडित जी के शिष्य का क्या नाम था ?

(i)शौर्य (ii)कृपाशंकर (iii)मानव (iv)निशंक

15 कृपाशंकर कैसी नौकरी करता था ?

(i)सरकारी (ii)प्राइवेट (iii)व्यापार (iv)अध्यापक

16 मुंशीजी को किस प्रकार की बिमारी हुई थी ?

(i)डाइरिया (ii)हैजा (iii)मेलरिया (iv)प्लेग

17 डाँक्टर अपने फीस के लिए कितने रुपये माँगे।

(i)१० (ii)१५

(iii)२० (iv)२५

18 कृपाशंकर कहाँ तक पढाई की थी ?

(i)मािट्रक (ii)ग्राजुएट(iii)इन्ट्रेस (iv)पढाई नही की थी

19 कृपाशंकर कहाँ काम करता था ?

(i)म्युनिसिपिल्टी में (ii)अस्पताल में (iii)विद्यालय में (iv)काँलेज में

20 कृपाशंकर ने मुशी जी को कहाँ ठहराया ?

(i)अपने घर में (ii)रेलवेस्टेशन (iii)विश्रामगृह (iv)विद्यालय में

21 कृपाशंकर ने मुरु जी को क्या खिलाया ?

(i)इडली (ii)पूडियाँ

(iii)छोले भठूरे (iv)खिचड़ी

22 पंडित जी को शिक्षक का गौरव कैसे समझ आया ?

(i)उनकी वेतन बढ गयी

(ii)उनके पुराने शिष्य ने उनकी मददकी (iii)उनकी पत्नी ने उनकी प्रशंसा की (iv)उनकी प्रमोसन होगई

23 चलते समय कृपाशंकर ने गुरु जी से क्या कहा ?

(i)इस सेवक का याद रखियेगा

(ii)फिर मिलेगें

(iii)दुवारा न आने की

(iv)अगले साल आने को

24 पडित जी छात्रों को कैसा व्यवहार करते थे ?

(i)प्रेमपूर्ण (ii)गुस्सैल (iii)चिल्लाकर (iv)बात नही करते थे

25 बिल्हौर से कितने बजे गाडी छूटती थी ?

(i) २ बजे (ii) १ बजे

(iii) ३ बजे (iv) ४बजे

26. मुंशी बैजनाथ के कितने लडके थे ?

(i)दो (ii)चार

(iii)तीन (iv)पाँच

27. “आपके खून का प्यासा हूँ‌ का अर्थ है-

(i)खून पीना चाहता हूँ

(ii)प्यास बुझाना चाहता हूँ

(iii)वध करना चाहता हूँ

(iv)मार-पीट करना चाहता हूँ

28. दोनों महाशयों ने कितने सप्ताह की छुट्टी ली ?

(i)दो सप्ताह (ii)एक महिना

(iii)एक सप्ताह (iv)दो महिना

29. कौन सदा पछताया करते थे कि कहाँ इस जंजाल में आ फसे ।

(i)मुंशी जी (ii)ठाकुरजी

(iii)पंडित चन्द्रधर जी (iv)कृपाशंकर

30. वेतन-वृद्धि को किसकी खेती कहा गया है ?

(i)अपनों की (ii)दूसरों की (iii)उसर की (iv)परिवार की

31. मुंशी जी को कौन –सा व्यसन था ?

(i)शराव-कबाब (ii)दुध-रोटी

(iii)सबजी -फल (iv)इसमें से कुछ नहीं

32. अफसर लोग किस पर खुश थे ?

(i)मुंशी बैजनाथ (ii)ठाकुर अतिबल

(iii)कृपाशंकर (iv)पंडित चन्द्रधर

33. कौनसे महिने में अयोध्या यात्रा पर निकले थे ।

(i)भाद्रव (ii)सावन

(iii)ग्रिष्म (iv)वैशाख

34. किसकी विनय और नम्रता ने सबको मुग्ध कर लिया ?

(i)कृपाशंकर (ii)चौखेलाल

(iii)पंडित चंद्रधर (iv)मुंशी बैजनाथ

35. शिक्षक का गौरव किसने समझा ?

(i)पंडित चंद्रधर (ii)कृपाशंकर

(iii)चौखेलाल (iv)ठाकुर अतिबल

36. सभी लोग अयोध्या में कितने दिन रहे ?

(i)चार दिन (ii)तीन दिन

(iii)छह दिन (iv)सात दिन

37. तहसील में सियाहेनवीस कौन था ?

(i)कृपाशंकर (ii)चौखेलाल

(iii)ठाकुर अतिबल (iv)मुंशी बैजनाथ

38. बाल-बच्चे के साथ कुल कितने मनुष्य अयोध्याकी यात्रा पर गए थे ?

(i)पाँच (ii)दस (iii)ग्यारह (iv)तेरह

39. कृपाशंकर के पिता बिल्हौर में क्या काम करते थे ?

(i)शिक्षकता (ii)अध्यापना (iii)डांक्टर (iv)डाकमुंशी

40. पण्डितजी जिन्दगी भर__________ में सड़ते रहे ।

(i)गरीबी (ii)अमीर (iii)रोगाग्रस्त (iv)भयभीत

## उत्तर

1.(ii) 2. (ii) 3.(ii) 4.(iii) 5. (iii) 6.(iv) 7.(i) 8.(iii) 9.(i) 10. (iv) 11.(ii) 12.(ii) 13.(iii) 14.(ii) 15. (i) 16. (ii) 17. (i) 18.(iii) 19. (i) 20. (i)

21. (ii) 22.(ii) 23.(i) 24.(i) 25. (ii) 26.(iii) 27.(iii) 28.(iii) 29.(iii) 30. (iii)

31. (i) 32.(iv) 33.(ii) 34.(i) 35. (i) 36. (ii) 37.(iv) 38.(ii) 39.(iv) 40. (i)

## SUBJECTIVE

निम्नलिखित अववरणों के अर्थ स्पष्ट कीजिए । 05 marks

**1.** हमसे तो मजूर ही भले ।

ऊ: पंडित चन्द्रधर को मासिक बेतन में पंद्रह रुपए मिलते थे । इससे उन्हे गुज-बसर करने में बड़ी दिक्कत होती थी । लगता था कि पैसे इधर से आए उधर से चले गए । खाने-पीने पहनने में अभाव खटकता था । उनकी तुलना में मजदूर अच्छी जिंदगी बिताते थे । इसलिए उनकी राय थी कि शिक्षक के जीवन से मजदूर का जीवन त बेहतर है ।

**2.** परंन्तु इस विभाग की वेतन-वृद्धि ऊसर की खेती है ?

ऊ: शिक्षा विभाग में वेतन कम मिलता था और वेतन-वृद्धि भी हर साल नही होती थी । बई भाग्य से कभी किसी की वेतन बढती थी । ऊसर जमीन में बीज बोने से उसमें अच्छी फसल नहीं होती, भाग्य से कभी-कभी थोड़ी-सी फसल हो जाती है । फसल केलिए ऐसा जमीन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है । उसी प्रकार वेतन-वृद्धि की आशा शिक्षाविभाग में नही की जा सकती ।

**3.** कभी गाड़ी नाव पर, कभी नाव गाड़ी पर ।

ऊ: कभी गाड़ी नाव पर, कभी नाव गाड़ी पर इस लोकोक्ति का अर्थ है – सभी दिन समान नहीं जाते । परिवर्तन सुनिश्चित है । सुख-दुख बदलते रहते है । एक समय था जब डॉक्टर-चोखेलाल लगान जमा करने तहसील में जाते समय मुंशी डॉक्टर से अपना हक वसूल कर लेते थे । अव मरीज बनकर अस्पताल में आए तो डाँक्टर उनसे दस रुपए फीस ले लेते हैं ।

**4.** पंडित जी ने आज शिक्षक का गौरव समझा ।

ऊ: पंडित चन्द्रधर अपनी शिक्षकता की नौकरी के लिए खुश नही थे । क्योंकि इसके स्वल्प वेतन से वे अपने परिवार का पालन पोषण सही ढंग से नही कर पाते थे । जबकी दूसरे पद पर लगे लोग रिश्वत के पैसे ऊपरी कमाकर बडे ठाट से समाज में जीवन व्यतीत करते थे पर

अयोध्या यात्रा के दौरान रास्तें में दारोगा और मुशी के अपमानित होने से और अयोध्या ने उनका अपना आदर होने के बाद वे शिक्षकि का गौरव समझा ।

5. पण्डित चन्द्रधर हमेशा क्यों पछताया करते थे ?

ऊ: पंडित चन्द्रधर उच्च प्राथमिक विद्यालय में मुदोरिर्सी करते थे जिस के लिए उन्हे मासिक वेतन के स्वरुप पंद्रह रुपये मिलते थे जिसमें उनका खर्चा उठाना बहत मुस्किल हो जाता था । और दूसरे तरफ उनके पडोसी रिस्वत लेकर एक सानदार जीवन अतिवाहित करते इसलिए वह सदा पछताथा करते थे कि क्यों वो शिक्षक पद पर आये ।

6. पंडित चन्द्रधर को किंस प्रकार अयोध्या यात्रा की सुअवसर प्राप्त हुआ ?

ऊ: ठाकुर अतिबल सिंह और मुंशी बैजनाथ ने अयोध्या यात्रा में पंडितजी को शामिल होने को वाध्य किया । पहले पंडितजी असमंजस में पडे, परन्तु जब उनलोगों ने व्यय देना स्वीकार किया तो इनकार न कर सके और अयोध्या की यात्रा का सुअवसर प्राप्त किए ।

7. ठाकुर अतिबल सिंह और मुशी बैजनाथ कि लिए बाजार में कैसे अलग भाव था ?

ऊ: ठाकुर अतिबल सिंह और मुशी बैजनाथ आपनी पदवी का नाजायज फायदा उठाते हुए । अन्याय करके रिश्वत के पैसे कमाते थे और सारे मुहल्ले में रोब जमाते थे । उनको देखते ही बनिए सलाम् करते थे, चार पेसे की चीज वे दो पैसे में लाते थे और जलाऊ लकड़ी मुफ्त में लेते थे । इलसिए उनके लिए बाजार में अलग भाव था ।

8. पहले मुसाफिर ने ठाकुर अतिबल सिंह को गाडी में क्यों नहीं बैठने दिया ?

ऊ: ठाकुर ने उस मुसाफिर पर श्वुफिया फरोसी का अपराध लगाया था और उससे नकद २८ रु रिश्वत लेकर उसकी मुक्त किया था इस रोष् के कारण ठाकुर को मुसाफिर ने गाड़ी में नही बैठन दिया ।

9. ठाकुर साहब शाम को क्या करते थे ?

ऊ: ठाकुर साहब शाम को थाने से लौटकर आराम कुरसी पर लट कर खुशबूदर श्वमीय पीते थे। बच्चों को पैसे और मिठाइया देते थे ।

## देशप्रेमी सन्यासी

1. हिन्दू धर्म सहनशील और मानवीय है । किसने कहा ?

(A)महर्षि अरविंद (B)सर्वपल्ली राधाकृष्णन

(C)रवीन्द्रनाथ टागोर (D)स्वामी विवेकानन्द

2. स्वामीजी बेहद प्यार करते थे । किसे ?

(A)देशवासियों को (B)अपने आपको

(C)अपनी मातृभूमिको (D)किसी को नहीं

**3.** क्या प्राप्त करने के लिए स्वाामीजी ने कहा ?

(A)मन्दिर-मस्जिद् (B)जमीन-जायदाद

(C)स्वतंत्रता (D)घर-द्वार

**4.** हर भारतीय मेरा क्या है ?

(A)भाई (B)दुकानदार (C)पड़ोसी (D)दुश्मन

**5.** अगुवा है कौन ?

(A)भारत (B)चीन (C)नेपाल (D)पाकिस्तान

**6.** उनकी वाणी कैसी थी ?

(A)मर्मस्पर्शी (B)प्रभावहीन (C)बेकार (D)अमर

**7.** कुछ लोग क्या भोगने को व्याकुल रहते थे ?

(A)दुख (B)घर-द्वार

(C)सुख (D)पेड़-पौधे

**8.** विवेकानन्द ने लोगों को किससे प्रभावित किया ?

(A)अपने शरीर (B)खराव व्यवहार

(C)अपनी विद्वता (D)गुरु

**9.** अनेक संस्थाएँ किसकी सेवा में डटी हुईहैं ?

(A)जनता (B)अपनी

(C)भनी (D)किसी की नहीं

**10.** संसार को माया का जंजाल समझनेवाले कौन होते हैं ?

(A)संसारी (B)सेवक (C)संन्यासी (D)भक्त

**11.** भारत कब पराधीन था ?

(A)सन १८५७ ईस्वी से पहले

(B)सन १८५७ से १९४७ ईस्वी तक

(C)सन १७५७ से १९४७ ईस्वी तक

(D)सन १९४७ ईस्वी से पहले कई सालों तक

**12.** जीवन का वरदान क्या है ?

(A)सुख से जीना

(B)विचारों की अभिव्यक्ति

(C)स्वतंत्रता

(D)उँचे विचारों और चिन्तन का धन होना

**13.** देश को आजाद् करने में किनका योगदान रहा ?

(A)स्वामीजी के असंख्य अनुयायियों का (B)अग्रेंज विद्वानों का
(C)रामकृष्ण परमहंस का
(D)स्वामी विवेकानन्द जैसे संन्यासियों का ।

**14.** धर्म-सभा कहाँ हो रही थी ?
(A)भारत में (B)अमेरिका में (C)इंग्लैंड़ में (D)जर्मनी में

**15.** देशप्रेमी सन्यासी कौन हैं ?
(A)स्वामी योगानन्द
(B)स्वामी ब्रह्मानन्द
(C)स्वामी विवेकानन्द (D)स्वामी प्रेमानन्द

**16.** स्वामीजी इंग्लैंड़ में कबतक रहे ?
(A)एक साल तक (B)दो साल तक
(C)छः महीने तक (D)तीन महीने तक

**17.** स्वामीजी के गुरु कौन थे ?
(A)केशवचन्द्र सेन
(B)देवेन्द्रनाथ ठाकुर
(C)रामकृष्ण परमहंस(D)सुरेन्द्रनाथ मिश्र

**18.** स्वामीजी बूढ़ापे का बैकुण्ठ किसे मानते हैं ?
(A)भारत को (B)स्वर्ग को
(C)ईश्वर की भक्ति को (D)दक्षिणेश्वर को

**19.** प्रत्येक भारतीय स्वामीजी के लिए क्या था ?
(A)उनका सहपाठी (B)उनका भाई
(C)उनका शिष्य (D)उनका गुरु

**20.** १८५७ में कैसी कोशिश हुई थी ?
(A)भारत को गुलाम बनाने की (B)भारत को महाशक्ति बनाने की
(C)भारत को कमजोर करने की (D)भारत को आजाद करने की

**21.** विवेकानन्द ने अपने गुरु के नाम से क्या बनाया ?
(A)बिल्लर मठ (B)रामकृष्ण मिशन (C)काली मन्दिर (D)ब्रह्म समाज

**22.** सन्यासी लोग किसके भोग को त्याग करते हैं ?
(A)गरीबी (B)दुःख (C)खान-पान (D)सुख

**23.** स्वामी विवेकानन्द देखने में केसै थे ?
(A)पंडित (B)गरीब (C)सुन्दर (D)संन्यासी

**24.** स्वामीजी ने देशवासियों को क्या प्राप्त करने की सलाह दी है ?

(A)आलस्य (B)स्वतंत्रता (C)सरलता (D)अपनापन

**25.** स्वामीजी के अनुसार भारत उनके बुढ़ापे का क्या है ?

(A)वैकुण्ठ (B)देवता (C)चिंतन (D)हिंडोला

# उत्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **1.**(D) | **2.**(C) | **3.**(C) | **4.**(A) | **5.**(A) |
| **6.**(A) | **7.**(C) | **8.**(C) | **9.**(A) | **10.**(C) |
| **11.**(D) | **12.**(C) | **13.**(D) | **14.**(B) | **15.**(C) |
| **16.**(A) | **17.**(C) | **18.**(A) | **19.**(B) | **20.**(D) |
| **21.**(B) | **22.**(D) | **23.**(C) | **24.**(B) | **25.**(A) |

# SUBJECTIVE

## देशप्रेमी सन्यासी

1- हम संन्यासी किसे कहते हैं ?

ऊ. जो लोग अपनी इच्छा से घरवार छोडदेते हैं, सुख के सारे साधनों को त्याग देते हैं और गरीबी में जीते हैं । हम उन्हे संन्यासी कहते हैं । संसार को मोह माया का जंजाल समझते हैं । संसार में कुछ लोग धन कमाने में और सुख भोग करने के लिए व्याकुल रहते हैं । मगर कुछ भी लोग ऐसे होते हैं जो अपनी मातृभूमि से बहुत प्यार करते हैं ।

2- स्वामीजी भारत माता के सुपुत्र के रूप में नमस्य क्यों हैं ?

ऊ. स्वामी विवेकानंद भारत माता के सुपुत्र थे । वे प्रचंड़ प्रतिभा, गभीरज्ञान और असाधारण बाक्शक्ति के धनी थे । उन्होंने भारतीय दर्शन, वेद-वेदातों का महत्व देश-विदेशों में प्रचार प्रसार किया । वे देशवासियों को जगाया और संसार भर में देश का नाम उजागर किया, इसलिए वे सदा नमस्य हैं और रहेंगे ।

3- स्वामी विवेकानंद ने देशवासियों को क्या कहकर ललकारा ?

ऊ. विवेकानंद ने देशवासियों को ललकारते हुए कहा- मेरे प्यारे देशवासियों । उठो, जागो, स्वतंत्रता प्राप्त करो क्योंकि स्वतंत्रता जीवन का वरदान है । भारतीय होने पर गर्व करो । समझो कि भारत मेरे बचपन का हिंडोला, यौवन का आनंद-लौक , बुढापे का बैकुंठ है । भारत के देवता मुझे जीवन-दान देते हैं ।

4- अमेरिका की धर्मसभा में स्वामीजी ने अपने भाषण में किस बात को प्रतिपादित किया ?

ऊ. स्वामीजी ने अमेरिका की धर्मशभा में भाग लेने गए थे । सब को भाई और बहन के हिसाव से संबोधित करते हुए विदेशियों का हृदय जीत लिया । अपने मर्मस्पर्शी वाणी में भारत के धर्म, आचार-विचार, ऋषि –मुनियों के चिंतन, आध्यात्मिक दृष्टिकोण का महत्व प्रतिपादित किया । अपने सुंदर,सरल, अर्थपूर्ण अंग्रजी भाषण द्वारा सबके दिलों को अभिभूत कर दिया ।

5- विवेकानंद का व्यक्तित्व कैसा था ?

ऊ. भारत माता के सुपुत्र विवेकानंद का अस्तित्व बहुत अच्छा था । वे देखने में बहुत सुंदर थे । प्रचंड़ प्रतिभा के धनि, सरल, विनयी मधुरभाषी और असाधारण वाग्मी थे । जो एक बार उनसे मिलता तो उनके गुणों से मोहित हो जाता था। अत्यंत आध्यात्मिक होने के नाते रामकृष्ण परमहंस को अपने गुरु के रुप में स्थान दिये ।

6- स्वामीजी ने इंग्लैण्ड़ के लोगों को कैसे प्रभावित किया ?

ऊ. स्वामीजी इंग्लैण्ड़ में एक साल रहे । वहाँ उस समय के भारत के शासक अंगजों को अपनी विद्वता से प्रभावित किया । वे मान गए कि भारत के लोग भले ही गरीब हैं लेकिन उँचे विचारों और चिंतन के धनि हैं, अग्रणी हैं ।

7- विवेकानंद ने अपने अनुयायियों को किन किन कामों मे लगाया ?

ऊ. स्वामी विवेकानंदजी की विद्वता से प्रभावित हो कर अनेक अनुयायी हुआ करते थे । अपने इन अनुयायियों को उन्होनें मानव सेवा, ज्ञान तथा धर्म प्रचार में लगाया । अपने गुरु के नाम पर “रामकृष्ण मिशन बनाया । जिस मिशन आज भी देश-विदेश में जनता की सेवा में जुडे हुए हैं ।

8- सन १८५७ के समय हम भारतीयों की स्थिति कैसी थी ?

ऊ. सालों पहले हमारे देश को अंग्रेज शासन करते थे । पराधीन भारत के लोगों ने सन १८५७ में मिलकर अंग्रजों के विरुद्ध आन्दोलन किया । लेकिन पराजित हो गए, उसके बाद भारत के लोग निराशा, आलस्य और कर्महीनता में डुब गए । ऐसे एक समय में विवेकानन्द जी ने उनको ललकार कर जगाया और मार्गदर्शन दिया ।

-०-

# GRAMMAR (MCQ)

## संज्ञा

**1.** किसी व्यक्ति, जाति, द्रव्य, समूह और भाव के नाम को क्या कहते है ?

(i)सर्वनाम (ii)विशेषण

(iii)संज्ञा (iv)अव्यय

**2.** संज्ञा के कितने भेद हैं ?

(i)५ (ii)४ (iii)६ (iv) ३

**3.** निम्नलिखित में से कौन संज्ञा का प्रकार नहीं है ?

(i)व्यक्तिवाचक (ii)जातिवाचक (iii)भाववाचक(iv)देशवाचक

**4.** जो शब्द किसी जाती का बोध कराए उसे क्या कहते है ?

(i)व्यक्तिवाचक संज्ञा (ii)जातिवाचक संज्ञा

(iii)भाववाचक संज्ञा (iv)द्रव्यवाचक संज्ञा

**5.** व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ बोध करती हैं ?

(i)किसी विशेष भाव का

(ii)किसी विशेष जाति का

(iii)किसी विशेष, व्यक्ति, स्थान या वस्तु का (iv)उपरोक्त सभी

**6.** भाववाचक संज्ञा किन शब्दों से बनती है ?

(i)सर्वनामसे (ii)क्रिया से

(iii)विशेषण से (iv)उपरोक्त सभी

**7.** गंगा , माधुरी एंव भारत आदि किस संज्ञा के उदाहरण ?

(i)व्याक्तिवाचक संज्ञा (ii)भाववाचक संज्ञा

(iii)जातिवाचक संज्ञा (iv)समूह वाचक संज्ञा

**8.** इनमें से जातिवाचक संज्ञा शब्द को छांटिएँ ?

(i)चेतक (ii)घौड़ा (iii)मोहन (iv)भारत

**9.** जातिवाचक संज्ञा शब्द हैं ।

(i)सहर (ii)कोलकत्ता (iii)सिलाई (iv)लोहा

**10.** द्रव्य वाचक संज्ञा है ?

(i)मछली (ii)आदमी (iii)औरत (iv)लोहा

**11.** इनमें से कौन सा शब्द द्रव्यवाचक संज्ञा नहीं है ।

(i)परिवार (ii)चावल
(iii)आटा (iv)पानी

**12.** प्रत्यूष आजकल ध्यानपूर्वक पढता है । इस में संज्ञा शब्द कौन सा है ।
(i)आजकल (ii)ध्यानपूर्वक (iii)प्रत्यूष (iv)पढता है

**13.** “माधवह्व बगीचे में फूल तोड़ रहा था । वाक्य में कौन सा शब्द संज्ञा शब्द नहीं है ।
(i)माधव (ii)तोड़ रहा था (iii)बगीचे (iv)फूल

**14.** संज्ञा की परिभाष निम्नलिखित में से क्या है । (i)किसी व्यक्ति वस्तुओ स्थान की विशेषता बताने वाले
(ii)किसी काम के होने या करने का बोध करने वाले शब्द।
(iii)किसी नाम के स्थान पर किस जानवाले शब्द
(iv)किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, भाव आदि का नाम ।

**15.** निम्नलिखित में से व्यक्तिवाचक संज्ञा क्या है ।
(i)स्वदेश (ii)हिमालय (iii)परिवार (iv)नदी

**16.** गाय कौन सी संज्ञा है ।
(i)व्यक्तिवाचक (ii)भाववाचक (iii) जातिवाचक (iv)द्रव्यवाचक

**17.** इनमें से कौन सा शब्द व्यक्तिवाचक हो्ता है ।
(i)बचपन (ii)उकिथा (iii)मजुष्थ (iv)गंगा

**18.** भाववाचक संज्ञा के उपयुक्त चुनिय ।
(i)किसी व्यक्ति वस्तुओ स्थान के पुरे जाती का नाम
(ii)किसी, व्यक्ति, वस्तु, स्थान का नाम (iii)किसी मनुष्य विशेष की जाती का नाम (iv)इनमे से कोई नही ।

**19.** शब्दो में से जातिवाचक संज्ञा चुनिए ।
(i)प्रेम (ii)अध्यापक (iii)अपनापन (iv)हिमालय

**20.** मनुष्य को अपनी मनुष्यता खोनी नहीं चाहिए, भाववचक संज्ञा शब्द
(i)मनुष्य (ii)अपनी (iii)मनुष्यता (iv)खोनी नहीं चाहिए

**21.** निम्मलिखित में से संज्ञा शब्द का चयन कीजिए ।
(i)स्वाभिमानी (ii)स्वाथी (iii)लोभी (iv)भूगोल

**22.** बुढ़ापा शब्द कौन सा संज्ञा है ?
(i)जातिवाच (ii)व्यक्तिवाचक (iii)भाववाचक (iv)इनमे से कोई नही

**23.** इनमें से कौन सा शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा है ।
(i)गाय (ii)पडाड़ (iii)यमुना (iv)आम

**24.** कौन सा शब्द जातिवाचक संज्ञा नहीं ।

(i)जवान (ii)बालक

(iii)सुंदर (iv)मनुष्य

**25.** मीठा का भाववाचक संज्ञा ।

(i)मिठाई (ii)मीठापन (iii)मिठास (iv)मीठास

**26.** इस विकल्प में व्यक्तिवाचक संज्ञा है

(i)वेद (ii)पुराण (iii)शाश्त्र (iv)रामायण

**27.** विकल्प मे भाववचक संज्ञा शब्द है ।

(i)गंगा (ii)हँसी

(iii)कक्षा (iv)सभा

**28.** झुण्ड किस प्रकार संज्ञा है ।

(i)व्यक्तिवाचक (ii)जातिवाचक (iii)समूहवाचक (iv)द्रव्यवाचक

**29.** निम्न में से भाववाचक संज्ञा

(i)राष्ट्र (ii)राष्ट्रीय (iii)राष्ट्रीयता (iv)उपयुक्त सभी

**30.** चतुर शब्द का भाववाचक

(i)चतुराई (ii)चतुरता (iii)चतुरापण (iv)बहत्तचतुर

**31.** परवा शब्द कौन सी संज्ञा है ।

(i)व्यक्तिवाचक (ii)जातिवाचक (iii)भाववाचक (iv)द्रव्यवाचक

**32.** शिशु से बना भाववाचक संज्ञा शब्द है ?

(i)शिशुकाल (ii)शैशव (iii)शिशुपाल (iv)शैश

**33.** “संसदह्न किस प्रकार कि संज्ञा है ?

(i)भाववाचक (ii)व्यक्तिवाचक (iii)कोई नहीं (iv)जातिवाचक

**34.** संज्ञा से तात्पर्य है ।

(i)धर्म (ii)नाम (iii)स्वंभाव (iv)कर्म

**35.** द्रव्यवाचक संज्ञा का उदाहरण है ।

(i)दल (ii)चावल (iii)लड़का (iv)लड़कपन

**36.** “कक्षाह्न किस प्रकार संज्ञा है ।

(i)जातिवाचक (ii)व्यक्तिवाचक (iii)द्रव्यवाचक(iv)समुहवाचक

**37.** “पितलह्न किस प्रकार संज्ञा है । (i)व्यक्तिवाचक (ii)समूहवाचक (iii)भाववाचक (iv)उपयुक में से कोही नहीं

**38.** वह स्त्री तो गंगा है । रेखांकित शब्द किस प्रकार कि संज्ञा है ।

(i)व्यक्तिवाचक (ii)जातिवाचक (iii)समूहवाचक (iv)भाववाचक

**39.** भाववाचक संज्ञा नहीं है ।

(i)उदारता (ii)सज्जनता (iii)निरर्थक (iv)माधुर्य

**40.** दुखी शब्द कौन सी संज्ञा है ।

(i)भाववाचक (ii)जातिवाचक (iii)व्यक्तिवाचक (iv)समुहवाचक

**41.** आजकाल हर सहर में रावण पैदा हो रहा है, रेखांकित शब्द किस प्रकार संज्ञा है ।

(i)जातिवाचक (ii)समूहवाचक (iii)व्यक्तिवाचक (iv)द्रव्यवाचक

**42.** राम खाना खा रहा है । यहाँ पर "रामह्ण कौन सा संज्ञा के अंतर्गत है ।

(i)भाववाचक (ii)व्यक्तिवाचक (iii)जातिवाचक (iv)समूहवाचक

**43.** जिस शब्द से किसी भाव की सुचना मिले उसे क्या कहते है ।

(i)व्यक्तिवाचक (ii)जातिवाचक

(iii)भाववाचक (iv)द्रव्यवाचक

**44.** भारत महान देश है । इस वाक्य में जातिवाचक संज्ञा छाँटिए।

(i)भारत (ii)महान

(iii)देश (iv)कोई भी नही

**45.** "वीरह्ण शब्द का भाववाचक संज्ञा छाँटिए । (i)वीरता (ii)वीरा (iii)वीरपन (iv)वीरभद

**46.** जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है ।

(i)राम (ii)मोहम

(iii)रहीम (iv)फल

**47.** निम्न से कौन सा शब्द जातिवाचक नही है । (i)गाय (ii)पर्वत

(iii) नन्दी (iv)हिमालय

**48.** मोहन अच्छा लड़का है, वाक्य में व्यक्तिवाचक संज्ञा है ।

(i)मोहन (ii)लड़का

(iii) अच्छा (iv)है

**49.** "शेरह्ण एक जानवर है, रेखांकित शब्द मे संज्ञा है ।

(i)जातिवाचक (ii)व्यक्तवाचक (iii) भाववाचक (iv)पुरूषवाचक

**50.** कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा है । (i)तेनालीराम (ii)पेड

(iii) मिठास (iv)दिल्ली

## उत्तर

1.(iii) 2.(i) 3.iv) 4.(ii) 5.(iii)

6. (iv) 7 (i) 8 (ii) 9 (i) 10 (iv) 11 (i) 12 (iii) 13 (ii) 14(iv) 15 (ii)
16 (iii) 17 (iv) 18 (iv) 19(ii) 20 (iii) 21 (iv) 22 (iii) 23 (iii) 24 (iii) 25 (iii) 26 (iv) 27 (ii) 28 (iii) 29 (ii) 30 (i)
31 (iii) 32 (ii) 33 (iv) 34 (ii) 35 (ii) 36 (iv) 37 (iv) 38 (i) 39 (iii) 40 (i) 41 (i) 42 (ii) 43 (iii) 44 (iii) 45 (i)
46 (iv) 47 (iii) 48 (i) 49 (i) 50 (iii)

## लिंग

**1.** हिन्दी व्याकरण में लिंग के कितने भेद होते हैं?

(i)एक (ii)दो

(iii)तिन (iv)चार

**2.** “मंत्रीह्ल शब्द का लिंग क्या है !

(i)स्त्रीलिंग (ii)पुलिंग (iii)नपुंसकलिंग (iv)उभयलिंग

**3.** “कौवाह्ल के स्त्रीलिंग के निर्धारण के लिए क्या किया जाता है ?

(i)कौवा के अंत में ई लगाते हैं ।

(ii)कौवा के पहले स्त्री लगाते हैं ।

(iii)कौवा के पहले मादा लगाते हैं ।

(iv)कौवा के अंत में आनी लगाते हैं ।

**4.** अपवाद को छोड़कर वर्णमाला के अंक्षरों के नाम किस लिंग में होतें हैं?

(i)स्त्रीलिंग (ii)नपुंसक लिंग (iii)पुलिंग (iv)अभयलिंगी

**5.** इनमें से कौन सा पुलिगं शब्द स्त्रीलिगं शब्द में प्रत्यय लगाने से बना है?

(i)बुढापा (ii)मदोना (iii)विधुर (iv)भेड़ा

**6.** संज्ञा के जिस रुप में स्त्रीत्व का बीध होता है, उसे कौन सा लिंग कहते हैं?

(i)पुलिंग (ii)नापुंसक लिंग (iii)उभयालिंग (iv)स्त्रीलिंग

**7.** अकारांत स्त्रीलिंग शब्द का बहुवचन बनाने के लिए क्या किया जाता है?

(i)अंत्य स्वर के बदले “ओह्ल कर देते हैं । (ii)अंत्य स्वर के बदले “आएह्ल कर देते है । (iii)अंत्य स्वर के बदले “ऍह्ल कर देते हैं । (iv)अंत्य स्वर के बदले “आईह्ललगा देते हैं ।

**8.** “तनह्ल शब्द का लिंग कौन सा होगा?

(i)स्त्रीलिंग (ii)पुलिंग (iii)उभयालिंग (iv)नापुंसकलिंग

**9.** निम्न मेंसे कौन सा शब्द स्त्रीलिंग है?

(i)प्रभाव (ii)निर्माण (iii)विवाह (iv)भाषा

**10.** निम्नलिखित शब्दों में कौन सा शब्द “पुलिंगह्ल है ?

(i)घटना (ii)लज्जा (iii)संकल्प (iv)प्रार्थना

**11.** निम्न में से कौन सा शब्द स्त्रीलिंग है ?

(i)जलपान (ii)जमीन (iii)जहाज (iv)जुलूस

**12.** इनमें से कौन सा शब्द स्त्रीलिंग है ।

(i)स्टोर (ii)स्कूल (iii)केतली (iv)फुटपाथ

**13.** निम्नलिखित में कौन सा शब्द पुलिंग है ?

(i)मुंडेर (ii)अंधेर (iii)नकेल (iv)बटेर

**14.** कौन सा शब्द पुलिंग है ?

(i)सभा (ii)मंत्रणा

(iii)न्याय (iv)मंडली

**15.** "साँपह्ल शब्द का स्त्रीलिंग क्या है ?

(i)साँप (ii)सांपिन (iii)सांपिनी (iv)सर्प

**16.** रेखांकित पद का लिंग बदलकर वाक्य को फिर से लिखिए । दर्जी कपडा बुनता है ।

(i)दरजिन कपड़ा बुनती है । (ii)दर्जिन कपड़ा बुनती है ।

(iii)दर्जियों कपड़ा बुनती हैं ।

(iv)दर्जीन कपड़ा बुनती है ।

**17.** "सम्राटह्ल शब्द का स्त्रीलिंग है -

(i)सम्राज्ञी (ii)सम्राति

(iii)रानी (iv)सम्रष्टी

**18.** "राष्ट्रपतिह्ल का लिंग क्या है -

(i)पुलिंग (ii)स्त्रीलिंग(iii)अभयलिंग (iv)नपुसकलिंग

**19.** "विद्वानह्ल शब्द का स्त्रीलिंग सूचक शब्द चुनिए ।

(i)विद्वान (ii)विद्वानी (iii)विद्वषी (iv)विद्वामती

**20.** गाय घास खा ________ ।

(i)रहा है (ii)रही है

(iii)रहे है (iv)रहता है

**21.** निम्नलिखित में से पुलिंग शब्द छाँटिए । (i)चाहत (ii)रंगत (iii)मेहनत (iv)आहार

**22.** पूज्य का स्त्रीलिंग होगा-

(i)पूज्यनीय (ii)पूजा (iii)पूजनीय (iv)पूज्या

**23.** खरगोश जोर से दोड़ता है ।

(i)स्त्रीलिंग (ii)पुलिंग (iii)उभयलिंग (iv)इनमें से कोई नहीं

**24.** मोहन चाय नहीं पीती ।

(i)पुलिंग (ii)अभयलिंग (iii)इनमेंसे कोई नहीं (iv)स्त्रीलिंग

**25.** ओडिआ मेरी मातृभाषा है ।

(i)पुलिंग (ii)स्त्रीलिंग(iii)उभयलिंग (iv)इनमें से कोई नहीं

**26.** “कोयलह्ल का लिंग क्या है ।

(i)स्त्रीलिंग (ii)इनमे से कोई नहीं (iii)पुलिंग (iv)उभयलिंग

**27.** “बेगमह्ल शब्द का पुलिंग है -

(i)राजा (ii)सम्राट (iii)बादशाह (iv)भूप

**28.** “भैसाह्ल का स्त्रीलिंग है -

(i)भैंस (ii)भैंसी

(iii)भैंसि (iv)भैंसा

**29.** “ननदोईह्ल कौन सा लिंग है ?

(i)पुलिंग (ii)स्त्रीलिंग(iii)उभयलिंग (iv)नपुंसकलिंग

**30.** “सांहबह्ल शब्द का स्त्रीलिंग है ।

(i)साहवाणी (ii)साहेबा

(iii)मेम (iv)कोइ नहीं

# उत्तर

1.(ii) 2.(ii) 3.(iii) 4.(iii) 5.(iv) 6.(iv) 7.(iii) 8.(ii) 9.(iv) 10.(iii) 11.(ii) 12.(iii) 13.(ii) 14.(iii) 15.(ii) 16.(i) 17.(i) 18.(i) 19.(ii) 20.(ii)

21.(v) 22.(v) 23.(i) 24.(iv) 25(ii) 26(iii)27.(iii) 28.(i) 29.(i) 30.(iii)

# वचन

**1.** “वचनह्ल कितने प्रकार के होते हैं ?

(i)दो (ii)तीन (iii)चार (iv)पाँच

**2.** “वचनह्ल का हिन्दी व्याकरण में क्या अर्थ है-(i)पहचान (ii)संख्या

(iii)मेल (iv)सक्षिप्त

**3.** “दवाइयाँह्ल शब्द है

(i)एकवचन (ii)बहुवचन (iii)एकाधिकवचन (iv)कोईनहीं

**4.** “केलाह्ल शब्द का बहुवचन होगा

(i)केलो (ii)केले (iii)केली (iv)केलियाँ

**5.** शब्द के जिस रूप से उसके एक या अनेक होने का बोध हो उसे कहते हैं-

(i)एकवचन (ii) बहुवचन (iii)वचन (iv)इनमें से कोई नहीं

**6.** इनमें से कौनसा शब्द सदा एकवचन में प्रयुक्त होता है-

(i)सीना (ii)हस्ताक्षर (iii)आँसू (iv)प्राण

**7.** इनमें से कौनसा शब्द सदा बहुवचन में प्रयुक्त होता है-

(i)पानी (ii)अहिंसा (iii)जनता (iv)दर्शन

**8.** “चूहाह्ल शब्द का बहुवचन होगा-

(i)चूहे (ii)चुहिया (iii)चूहिए (iv)चूहों

**9.** “लघुकथाह्ल शब्द का बहुवचन होगा-(i)लघुकथानक (ii)लघुकथाएँ (iii)लघुकथाओं (iv)लघूकथाएँ

**10.** “दवाईह्ल शब्द का बहुवचन होगा-

(i)दवाइयाँ (ii)दवाईयाँ(iii)दवाईओं (iv)दवाओं

**11.** “पाठकह्लका बहुवचन होगा-

(i)पाठकलोग (ii)पाठकदल (iii)पाठकगण (iv)पाठक समूह

**12.** “ऋतुह्लशब्द का बहुवचन होगा-

(i)ऋतुओं (ii)ऋतुएँ (iii)ऋतुए (iv)ऋतूएँ

**13.** “लोगह्लशब्द का वचन क्या है ।

(i)एक (ii)द्वि वचन (iii)बहुवचन (iv)कोई नहीं

**14.** इन में से कौनसा शब्द नित्य एकवचन में ही प्रयुक्त होता है ।

(i)पेड़ (ii)मोर (iii)जनता (iv)लडका

**15.** “सोनाह्ल मंहगा है – रेखांकित शब्द का बचन हैं ।

(i)एकवचन (ii)बहुवचन

(iii)दोनों (iv)कोईनहीं

**16.** “बेटाह्ल शब्द का बहुवचन रुप होगा

(i)बेटों (ii)बेटें

(iii)बैटों (iv)बेटे

**17.** “जातिह्ल शब्द का बहुवचन रुप होगा

(i)जातिये (ii)जातियाँ(iii)जातियो (iv)जातियों

**18.** वह शब्द जिसका बहुवचन नहीं बनाया जा सकता ।

(i)मेज (ii)अमित

(iii)बहन (iv)माता

**19.** इन शब्दों का प्रयोग सदैव एकवचन में होता है ।

(i)सत्य, जनता (ii)केला, संतश (iii)बेटा, मोटा (iv)इनमें से कोई नहीं

**20.** “तिथिह्ल शब्द का बहुवचन है -

(i)तिथियों (ii)तिथीयाँ (iii)तिथियाँ (iv)इनमे से कोई नहीं

**21.** व्याकरण में “वचनह्ल का सही अर्थ क्य ाहै । (i)प्रतिज्ञा (ii)बीली

(iii)भाषा (iv)संख्या

**22.** “कागजह्ल का बहुवचन होता है ।

(i)कागाजी (ii)कागाजात (iii)कागाजें (iv)इनमें से कोई नहीं

**23.** “भारतीयह्ल शब्द का बहुवचन है ।

(i)भारतियों (ii)भारतीयो (iii)भारतिओं (iv) भारितीयों

**24.** इनमे से कौन –सा शब्द बहुवचन में ही प्रयुक्त होता है ।

(i)होंठ (ii)अक्षत

(iii)प्राण (iv) सभी

**25.** आँख का बहुवचन है

(i)आँखो (ii)आँखें

(iii) आँख (iv)इनमेंसे कोई नहीं

**26.** “मालाह्ल का वचन परिवर्तन कीजिए

(i)मालाएँ (ii)माली

(iii) मालिन (iv) मालाओं

**27.** वह शब्द जिसका बहुवचन नहीं बनाया जा सकता

(i)मेज (ii)केला

(iii) भारत (iv) माला

**28.** सही बहुवचन रुप वाला विकल्प पहचानिए । “नेताह्ल-

(i)नेते (ii)नेतों

(iii) नेताओं (iv) नेता

**29.** इनमें से कौन सा शब्द एकवचन हैं ?

(i) आँसू (ii)प्राण

(iii) आकाश (iv) दर्शन

**30.** “वस्तुह्ल शब्द के बहुवचन रुप है ?

(i) वस्तु (ii)वस्तुएँ

(iii) वस्तुओं (iv) वस्तुए

## उत्तर

1.(i) 2.(ii) 3.(ii) 4.(ii) 5.(iii) 6.(i) 7.(iii) 8.(iv) 9.(ii) 10.(i)
11.(iii) 12.(ii) 13.(iii) 14.(ii) 15.(i) 16.(iv) 17.(ii)
18.(ii) 19.(i) 20.(iii) 21.(iv) 22.(iv) 23.(ii) 24.(iv)
25.(ii) 26.(i) 27.(i) 28.(iv) 29.(iii) 30.(ii)

## कारक

**1.** छत पर बंदर बैठा है रेखांकित पद किस कारक में है ?
(A)कर्ता (B)कर्म (C)करण (D)अधिकरण

**2.** मुझपर भरोसा रखो । (कौन सा कारक है)
(A)कर्ता (B)अपादान (C)संप्रदान (D)अधिकरण

**3.** नदी में नाव चलती है ? कारक का नाम क्या है ?
(A)अधिकरण (B)अपादान (C)करण (D)कर्म

**4.** बच्चा बिच्छू से डरता है ? रेखांकित पद का कारक -
(A)कर्त्ता (B)अपादान (C)अधिकरण (D)कर्म

4. पेड़ से पत्ता गिरा । कारक का नाम क्या है ?
